विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 125 | कोरबा, रविवार, दिनांक 04 फरवरी 2024 डाक 05 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देवघर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा की





**देश-विदेश**
दो दिवसीय यात्रा पर असम पहुंचे पीएम मोदी सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने किया भव्य स्वागत





**फीचर पेज**
सर्दियों में इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के लिए डाइट में शामिल करें ये फूड्स, बार-बार नहीं होंगे बीमार




# एटीएस का एक्शन: पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के लिए काम करने वाला पकड़ाया, मचा हड़कंप



**नईदिल्ली, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने यूपी के मेरठ से पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया है। वह मॉस्को में भारतीय दूतावास में काम करता था। आरोपी सत्येंद्र सिवाल यूपी के हापुड़ का रहने वाला है। आरोप है कि वह ISI को गोपनीय जानकारी देता था। दूतावास में आईबीएसए पद पर तैनात था। यूपी एटीएस की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है। उसके मुताबिक, यूपी एटीएस को इसके बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। आरोपी साल 2021 से रूस की राजधानी मास्को स्थित भारतीय दूतावास में इंडिया बेस्ड सिक्योरिटी असिसटेंट के पद पर तैनात है। उसके पास के दो मोबाइल फोन, एक आधार कार्ट, एक पैन कार्ड और एक पहचान पत्र भी बरामद किया गया है। यूपी एटीएस को खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हैंडलर विदेश मंत्रालय के कुछ कर्मचारियों को बहला-फिसला कर और पैसों का लालच देकर उनसे भारत की कुछ महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। यूपी एटीएस ने इस खुफिया जानकारी पर काम करना शुरू किया। जांच के दौरान सत्येंद्र सिवाल के बारे में जानकारी हासिल हुई। आपको बता दें कि सिवाल पहले मास्को से पहले विदेश मंत्रालय में मल्टी टास्किंग स्टाफ के तौर पर काम करता था। जांच के दौरान यूपी एटीएस को पता चला कि सत्येंद्र सिवाल भारत के रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और सैनिय संगठनों की सामरिक गतिविधियों के बार में महत्वपूर्ण और गोपनीय जानकारी आईएसआई हैंडलर के साथ साझा कर रहा था। यूपी एटीएस की मेरठ यूनिट से उसे अपने ब्रांच बुलाया और उससे गहन पूछताछ की। इस दौरान वह एटीएस के सवालों का जवाब नहीं दे पाया और अपना अपराध स्वीकार किया।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस करेगी यूसीसी का विरोध पीसीसीचीफ जीतू पटवारी ने बताया कारण

**ग्वालियर, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

*लोकसभा चुनाव से पहले देश में एक बार भी समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू किए जाने की चचा तेज हो गई है। इसी बीच कांग्रेस ने यूसीसी को अराजकता बढ़ाने वाला बताया है। दरअसल, रविवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ग्वालियर पहुंचे थे, जहां यूसीसी पर पूछे गए सवाल पर जीतू पटवारी ने कहा कि यूसीसी पर सरकार का रवैया नफरत की नई राजनीति की शुरुआत करेगा। सभी को इसका विरोध करना चाहिए। यह देश को अराजकता की ओर ले जाएगा।'*

## स्पाइसजेट फ्लाइट में फिर शर्मनाक हरकत, महिला ने साथी यात्री पर लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

**नईदिल्ली, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

स्पाइसजेट की फ्लाइट में एक बार फिर शर्मसार करने वाली घटना देखने को मिली है। कोलकाता से बागडोगरा जाने वाली एक फ्लाइट में सवार महिला ने अपने सह-यात्री पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है। कैरियर के प्रवक्ता के अनुसार, घटना के बाद केबिन क्र ने पुरुष यात्री की सीट बदल दी। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि 31 जनवरी को जब स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 592 कोलकाता से बागडोगरा जा रही थी, तब एक महिला यात्री के साथ एक घटना घटी, जिसने अपने सह-यात्री पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया। इसके बाद केबिन क्रू ने स्थिति को संभालते हुए तुरंत हस्तक्षेप किया और साथी यात्री की सीट बदल दी।

## आतिशी के घर पहुंची दिल्ली क्राइम ब्रांच, विधायकों की खरीद-फरोख्त केस में जारी होगा नोटिस



**नईदिल्ली, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार भाजपा पर ऑपरेशन लोटस के आरोप लगाकर बुरी तरह फंस गई है। भाजपा की शिकायत पर दिल्ली क्राइम ब्रांच ने इसकी जांच शुरू कर दी है। ताजा खबर यह है कि केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी मार्लेना को नोटिस सर्व करने के लिए दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम उनके आवास पर पहुंच गई हैं। फिलहाल, आतिशी मार्लेना अपने बंगले पर नहीं हैं। कुछ ऐसी ही स्थिति एक दिन पहले केजरीवाल के सरकारी आवास पर बनी थी। क्राइम ब्रांच के अधिकारी केजरीवाल को नोटिस थमाना चाहती थी, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने इसका विरोधह्य किया। एक दिन पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया गया था। आज मंत्री आतिशी मार्लेना को नोटिस जारी किया जाएगा। इससे पहले शनिवार को क्राइम ब्रांच के अधिकारी केजरीवाल के साथ ही आतिशी के घर भी पहुंचे थे, लेकिन वो पंजाब चली गई थीं। 27 जनवरी को केजरीवाल और आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाए थे कि भाजपा ने आम आदमी पार्टी के 7 विधायकों से सम्पर्क साधा है और उन्हें 25-25 करोड़ रुपए का लालच देकर केजरीवाल सरकार को गिराने में मदद करने को कहा है। इस आरोप के खिलाफ भाजपा ने 31 जनवरी को दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसकी जांच अब क्राइम ब्रांच कर रही है।

## बरेली में आईएमसी चीफ मौलाना तौकीर रजा खां का विवादित बयान, लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने पर भी एतराज



**बरेली 4 फरवरी।** विवादित बयानों से सुर्खियां बटारने वाले इत्तेहाद-ए-मिल्लत-काउंसिल (आइएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां ने उकसाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक समाज बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के बहकावे में आकर विवाद पर आमादा है। एकता को बचाए रखने के लिए मुस्लिम शांत हैं मगर, इसे कमजोरी न समझा जाए। हम अपने युवाओं को समझाते हैं। यदि देश का मुस्लिम युवा हाथ से बाहर हुआ तो गृह युद्ध हो जाएगा। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर भी एतराज जताया। मौलाना ने बयान जारी किया कि देश का सर्वोच्च पुरस्कार भारत रत्न उन्हें दिया जाना चाहिए, जिनकी स्वीकार्यता सभी वर्गों में हो। इससे इतर, लालकृष्ण आडवाणी को केवल एक ही वर्ग पसंद करता है।

## दुर्ग से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना

**दुर्ग।** अयोध्या में भगवान राम के बाल स्वरूप की प्रतिमा विराजमान होने से छत्तीसगढ़ वासियों में खुशी की लहर है। प्रभु श्री राम के जयकारों से दुर्ग रेलवे स्टेशन गूंज उठा। स्टेशन के हर कोने पर जंहा नजर डालें वहां राम भक्तों का भारी हुजूम नजर आया। दरअसल, आज यानी चार फरवरी को दुर्ग से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना हो गई है। कुछ ही देर पहले ही दुर्ग से पहली ट्रेन अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए 1400 यात्रियों को हुई, अब कुछ देर में ट्रेन राजधानी रायपुर पहुंचने वाली है। हिंदू परिषद की ओर से ये स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जिसें 1400 यात्रियों को रामलला का दर्शन कराया जाएगा।

# विजय के राजनीति में एंट्री से फर्क नहीं पड़ेगा एआईडीएमके नेता बोले- कमल हासन नहीं बनना चाहिए

**चेन्नई, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

एआईएडीएमके नेता और पूर्व मंत्री सेल्लुर के राजू ने फिल्म अभिनेता विजय दलपति की राजनीति में एंट्री पर निशाना साधा और दावा किया कि उनके राजनीति में आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पूर्व मंत्री ने ये भी कहा कि विजय दलपति को कमल हासन नहीं बनना चाहिए। विजय दलपति ने हाल ही में अपनी राजनीति में उतरने की योजना का एलान किया है और अपनी अलग पार्टी तमिलागा वेत्री कझम (टीवीके) बनाई है। एआईएडीएमके सरकार में मंत्री रहे सेल्लुर के राजू ने कहा



कि एआईएडीएमके का वोट प्रतिशत विजय के राजनीति में आने से प्रभावित नहीं होगा।

उन्हें सतर्क रहना चाहिए, उन्हें कमल हासन नहीं बनना चाहिए। कमल हासन भी राजनीति में देश बदलने आए थे, लेकिन अब वह एक सांसद टिकट वाली पार्टी बनकर रह गए हैं। उन्होंने कहा साल 2011 में विजय ने एआईएडीएमके का समर्थन किया था फिर वह 2026 के चुनाव में हमारा समर्थन क्यों नहीं करेंगे। लोगों का मूड समय के साथ बदलता रहता है...। एआईएडीएमके का वोट बैंक विजय के राजनीति में एंट्री से प्रभावित नहीं होगा।

## ओबीसी आरक्षण पर अपनी ही सरकार के खिलाफ उतरे छगन भुजबल, बोले- नवंबर में ही दे दिया था मंत्री पद से इस्तीफा



**अहमदनगर, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने खुलासा किया कि उन्होंने पिछले नवंबर में राज्य मंत्रिमंडल से अपना इस्तीफा दे दिया था। छगन भुजबल वही मंत्री है जिन्होंने अपनी ही सरकार पर पिछले दरवाजे से मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा में आरक्षण देने का आरोप लगाया है।भुजबल ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए दोहराया कि वह मराठा समुदाय को आरक्षण देने के विरोध में नहीं हैं, लेकिन मौजूदा ओबीसी कोटा साझा करने के खिलाफ हैं। वह अजित पवार-नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सदस्य हैं। भुजबल ने कहा, ''विपक्ष के कई नेता और यहां तक कि मेरी सरकार के नेता भी कहते हैं कि मुझे इस्तीफा दे देना चाहिए। किसी ने कहा कि भुजबल को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए। मैं विपक्ष, सरकार और अपनी पार्टी के नेताओं को बताना चाहता हूं कि 17 नवंबर को अंबाड में आयोजित ओबीसी एल्गार रैली से पहले, मैंने 16 नवंबर को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था और तत्पश्चात उस कार्यक्रम में भाग लेने गया।''भुजबल ने कहा कि वह दो महीने से अधिक समय तक चुप रहे, क्योंकि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने उन्हें इस बारे में नहीं बोलने के लिए कहा था। वरिष्ठ ओबीसी नेता ने कहा, ''बर्खास्त करने की कोई जरूरत नहीं है। मैंने अपना इस्तीफा दे दिया है। मैं अंत तक ओबीसी के लिए लड़ूंगा।'' भुजबल की टिप्पणी कुछ वर्गों की ओर से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री पद से उनके इस्तीफे की मांग की पृष्ठभूमि में आई है, क्योंकि वह मराठा आरक्षण की मांग से निपटने के तरीके को लेकर राज्य सरकार की आलोचना करते रहे हैं।

## 7 लाख कैश के साथ 42 जुआरी गिरफ्तार, पेट्रोल पंप में पड़ी पुलिस की रेड

**सूरजपुर, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

पुलिस की लाख सख्ती के बाद भी जुआरी बाज नहीं आ रहे हैं। शहर में आए दिन जुआरियों के ठिकाने पर दबिश देकर पुलिस जुआरियों को गिरफ्तार कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस की टीम ने शनिवार देर रात जुआरियों के ठिकाने पर दबिश देकर 42 जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस की टीम ने मौके से 2 कार और 7 लाख रुपए नगद भी जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मामला बसदई चौकी के शिवप्रसाद नगर का है, जहां पिछले कई दिनों से रात के अंधेरे में जुआ का खेल चल रहा था। वहीं पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की शिवप्रसाद नगर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप परिसर के रूम में बड़ी संख्या में लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश दी और 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया।बताया जा रहा है कि पुलिस की टीम ने मौके से 7 लाख नगदी सहित 2 कार जप्त की है। वहीं, सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## झारखंड सरकार बचाने में कांग्रेस ने झोंकी ताकत हैदराबाद के रिसॉर्ट में विधायकों पर पूरी नजर

हैदराबाद। झारखंड के सत्ताधारी गुट के विधायक हैदराबाद के एक प्राइवेट रिसॉर्ट में ठहरे हुए हैं। कांग्रेस ने झारखंड की अपनी गठबंधन सरकार बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। यही वजह है कि झारखंड के विधायकों को कांग्रेस ने अपनी सरकार वाले राज्य तेलंगाना में झारखंड के विधायकों को ठहराया है। हैदराबाद के प्राइवेट रिसॉर्ट में ठहरे विधायकों पर भी पूरी नजर रखी जा रही है और तेलंगाना सरकार लगातार झारखंड के विधायकों के संपर्क में है। तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लु भट्टी विक्रमार्का ने आज सुबह रिसॉर्ट में झारखंड के विधायकों से मुलाकात की।

झारखंड विधानसभा में कल यानी सोमवार को बहुमत परीक्षण होना है और उसी के लिए सत्ताधारी गुट ने किसी भी टूट से बचने के लिए विधायकों को हैदराबाद के रिसॉर्ट में रखा हुआ है। झारखंड के सत्ताधारी गुट के 37 विधायक हैदराबाद के लियोनिया रिसॉर्ट में ठहरे हुए हैं। रिसॉर्ट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं और रिसॉर्ट के अंदर पुलिसकर्मी तैनात हैं। तेलंगाना कांग्रेस की प्रभारी दीपा दासमुंशी रिसॉर्ट में पूरे इंतजाम देख रही हैं।

## इंदौर में टला बड़ा हादसा, आईटीसी मैदान के पास मिले जिंदा हैंड ग्रेनेड को बम स्कायड टीम ने किया डिफ्यूज

**इंदौर, 04 फरवरी [एजेंसी]।**




इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में उस समय हड़कंप मच गया। जब एक जिंदा हैंड ग्रेनेड को मैदान से बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में एक ग्रेनेड मिला, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने द्वारकापुरी इलाके के एक खेत में ग्रेनेड पड़ा देखा था, जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने रास्ते को सील किया। उन्होंने बम स्कायड टीम को बुलाया। इसके बाद उन्होंने ग्रेनेड को निष्क्रिय कर दिया। द्वारकापुरी पुलिस स्टेशन प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि हमें सूचित किया गया कि आईटीसी मैदान के पास एक हैंड ग्रेनेड पड़ा है।

पुलिस की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर बम स्कायड टीम को फोन किया, जिसने ग्रेनेड को निष्क्रिय कर दिया और उसे आगे की जांच के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानीय लोगों ने ग्रेनेड को देखा था। फिलहाल अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि ये हैंड ग्रेनेड वहां किसने छोड़ा। बम निरोधक दस्ते ने ग्रेनेड को आगे की जांच के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राजनाथ सिंह से मिले कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम, बताया क्यों की मुलाकात

**नईदिल्ली, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

पार्टी के खिलाफ बागी तेवर दिखाने वाले कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। आचार्य आज राजनाथ सिंह के दिल्ली आवास पर पहुंचे। कांग्रेस



नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि उन्होंने रक्षा मंत्री को एक कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए उनसे मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात को राजनीतिक मुलाकात के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। 19 फरवरी को श्री कल्कि धाम की आधारशिला रखी जानी है, जिसके लिए आचार्य आज राजनाथ सिंह को समारोह के लिए आमंत्रित करने आए थे। आचार्य प्रमोद इससे पहले कांग्रेस आलाकमान समेत कई नेताओं के खिलाफ बयानबाजी कर चुके हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस के न शामिल होने पर भी उन्होंने अपनी ही पार्टी को घेरा था।

## एम्स में मरीजों को आसानी से मिलेगा इलाज, सभी केंद्रों में शुरू होंगे आयुष्मान सुविधा केंद्र

**नई दिल्ली।** एम्स में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के लाभार्थियों की मदद के लिए आयुष्मान सुविधा केंद्र बढ़ाए जाएंगे। इसके तहत एम्स के सभी ब्लाक और केंद्रों में आयुष्मान सुविधा केंद्र शुरू किए जाएंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने 31 मार्च तक सभी ब्लाक और केंद्रों में यह सुविधा शुरू करने का निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिया है। इससे एम्स में इलाज के लिए पहुंचने वाले आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई के लाभार्थी मरीजों को इलाज में आसानी होगी।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा
U.S. POLO ASSN. MUFTI KILLER LEVI'S BLACKBERRYS nostrum

प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## दिसंबर तक तैयार हो जाएगा राजा राम का भव्य दरबार, सप्त मंडपम में होंगे सात छोटे-छोटे मंदिर



**अयोध्या, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

राममंदिर के उद्घाटन के बाद पहली बार मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शनिवार से शुरू हुई। इसमें निर्माण कार्यों को गति देने पर चर्चा हुई। दस फरवरी से मंदिर का शेष निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है। वहीं, रामनवमी से पहले यात्री सुविधाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम तल पर भव्य राम दरबार की स्थापना की समयसीमा दिसंबर 2024 तय हुई है।

भक्तों की सुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों व कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों के साथ निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने चर्चा की।

उन्होंने बताया कि जल्द ही मंदिर निर्माण का शेष कार्य शुरू होने जा रहा है। मुख्य रूप से राममंदिर के परकोटे का काम पूरा किया जाएगा। 795 मीटर परकोटे के निर्माण का 50 फीसदी काम पूरा भी हो चुका है। मंदिर के निचले चबूतरे पर आइकोनोग्राफी के माध्यम से पत्थरों पर मूर्तियां उकेरने का भी काम होना है।

# एनटीपीसी के भू-विस्थापितों ने शुरू किया आमरण अनशन

**कोरबा ।** कोरबा जिले में स्थापित एनटीपीसी कोरबा परियोजना के भू-विस्थापितों ने तानसेन चौक पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया गया हैं। ग्राम चारपारा के भू-विस्थापित नौकरी और शेष मुआवजे की मांग एनटीपीसी कोरबा परियोजना से कर रहे हैं। इन्होने खुला आरोप लगाते हुए कहा है कि एनटीपीसी प्रबन्धन और जिला प्रशासन झूठा-भ्रामक आश्वासन देकर गुमराह कर रहे हैं। लगातार अनशन के बाद भी नौकरी मुआवजा का लिखित में अब तक पत्र जारी नहीं किया जा रहा है।

भू-विस्थापित राजन कुमार पटेल घसिया राम केवट, मथुरा केवट, रामायण प्रसाद केवट, शुभम केवट के द्वारा अनिश्चितकालीन आमरण अनशन किया रहा है। इनका आरोप है कि एनटीपीसी कोरबा परियोजना की नीति फूट डालो शासन करो की है, भू-विस्थापितों ने प्रबन्धन और प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया है।

एनटीपीसी कोरबा के लिए वर्ष 1979-80 में ग्राम चारपारा की भूमि अर्जन के बाद 43 साल बाद भी रोजगार नहीं देने से नाराज भू-विस्थापित आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने 30 जनवरी से कलेक्टर कार्यलय के सामने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री निवास तक वे पैदल मार्च भी करेंगे। एनटीपीसी कोरबा परियोजना से प्रभावित ग्राम चारपारा के भू-विस्थापितों ने बताया कि प्रशासन सहित एनटीपीसी के अधिकारियों ने बार-बार झूठा आश्वसन देकर रोजगार उपलब्ध कराने का वादा किया किन्तु कोई ठोस कार्यवाही नही हुयी है, जिसके कारण वे अपने आंदोलन का विस्तार कर रहे हैं। एनटीपीसी में भू-विस्थापित रोजगार बन्द हो चुका है, कहकर उनके अधिकारो का हनन किया जा रहा है जबकि 2015 में सीपत बिलासपुर में भर्ती किया गया। इसके अनुसार राज्य पाल के द्वारा भू-विस्थापितों नौकरी देने आदेशित किया गया है। भू-विस्थापित राजन पटेल ने बताया कि सन् 1978-79 व 1980 से 1986 तक ग्राम चारपारा की 1000 एकड़ भूमि में से लगभग 650 एकड़ भूमि एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहण किया गया। इस संबंध में रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। ग्राम चारपारा में भू-विस्थापितों के द्वारा एनटीपीसी में नौकरी और शेष मुआवजा की मांग पर 93 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना दिया गया। निराकरण नहीं होने पर 24 जुलाई को एनटीपीसी के गेट पर सांकेतिक प्रदर्शन पर प्रबंधन के द्वारा राज्यपाल के निर्देश अनुसार नौकरी देने की बात कही गई किन्तु दूसरे दिन ही प्रबंधन व दर्री तहसीलदार के द्वारा गुमराह करना चालू कर दिया गया। एनटीपीसी कोरबा परियोजना प्रबंधन और प्रशासन से अनेकों गुहार के बाद अब आंदोलन को तेज किया जाए



## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवारों के नाम की घोषणा शीघ्र

कोरबा, । लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी तैयारी शुरू हो चुकी है। विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भाजपा छत्तीसगढ़ राज्य की सभी 11 सीटों पर विजय का परचम लहराने की जुगत में है। कोरबा लोकसभा एक ऐसी सीट, जिसे 2019 के चुनाव में भाजपा ने गंवा दिया था।

बीते साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कोरबा लोकसभा के अंतर्गत आने वाली आठ में छह सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा ने कोरबा जिले में स्थित चार विधानसभा में कोरबा, कटघोरा को जीता। पार्टी को कोरबा से 25,629 तथा कटघोरा से 16,900 मतों की बढ़त मिली। भाजपा ने कोरिया जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर कब्जा किया। पार्टी को भरतपुर-सोनहत से 14,919, बैकुंठपुर से 25,413 एवं मनेन्द्रगढ़ से 11,880 वोटों के अंतर जीत मिली। बिलासपुर जिले की मरवाही सीट पर भाजपा ने 12,078 वोटों की बढ़त हासिल की। इन छह सीटों पर भाजपा की कुल बढ़त 96 हजार 819 मतों की रही। भाजपा के मुकाबले कांग्रेस 98 हजार 194 वोटों से पीछे रही। कांग्रेस को केवल कोरबा जिले की रामपुर सीट पर ही जीत मिली। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने पाली तानाखार क्षेत्र अपने नाम किया। भाजपा ने मिली 96 हजार 819 मतों की बढ़त की बदौलत आस लगी रखी है कि लोकसभा चुनाव में पार्टी जीत का परचम लहराएगी। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए अब तक तीन बार 2009, 2014, 2019 में चुनाव हुए हैं। इसमें 2009 और 2019 का चुनाव कांग्रेस के उम्मीदवार डा. चरणदास महंत और ज्योत्सना महंत ने जीता। 2014 में भाजपा के डा. बंशीलाल महतो को विजय मिली थी।इधर, खासकर भाजपा में कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए टिकट के लिए दावेदारी करने वालों की लंबी फेहरिस्त है। इसमें कोरबा जिले से सर्वाधिक संख्या है। मसलन जोगेश लांबा, विकास महतो, ज्योतिनंद दुबे, अशोक चावलानी, नवीन पटेल, हितानंद अग्रवाल। नए चेहरे में डा. विशाल उपाध्याय का नाम भी चर्चा में है। कोरिया जिले से भी कुछेक दावेदार हैं। इनमें कृष्ण बिहारी जायसवाल, अनिल केशरवानी जैसे नाम शामिल हैं। इन सभी के अलावा कोरबा लोकसभा क्षेत्र से बाहर के नेताओं में सरोज पाण्डेय, प्रबल प्रतापसिंह जुदेव, अनुराग सिंहदेव के नाम भी टिकट के दावेदारों की सूची में हैं।

बताया जा रहा है कि पार्टी 15 फरवरी तक हारी हुई सीटों के लिए नामों की घोषणा कर सकती है। छतीसगढ़ में कोरबा व जगदलपुर लोकसभा सीट पर भाजपा को 2019 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवारों को लिया चपेट में, एक की हुई दर्दनाक मौत

**कोरबा।** जिले से एक दर्दनाक हादसे की ख़बर सामने आई है यहां बांकीमोंगरा थाना अन्तर्गत शुक्लाखार में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया, इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।जानकारी के मुताबिक यह पूरी घटना बांकीमोंगरा थाना अन्तर्गत की है। जहां देर शाम लगभग 6ः30 बजे शुक्लाखार के आगे पेट्रोल टंकी के पास एक ट्रक क्रमांक छ्त्त-15-८ष्ट 4088 ने तेज रफ्तार चलाते हुए आगे से जा रहे बाईक सवार को अपने चपेट में ले लिया जिसमें एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं दुसरे व्यक्ति घायल हो गया है जिसे कटघोरा अस्पताल ले जाया गया है । घटना इतना भयानक था जो मृतक चकानाचूर हो गया । घटनाकर्ता ट्रक चालक ने मृतक को लगभग 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया जिसमें उसकी सांसें थम गया वहीं ट्रक चालक मौके पर ही फरार हो गया । घटनास्थल पे लोगों की भीड़ जमा हो गया एवं चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई थी

जिसे बांकीमोंगरा पुलिस भीड़ को शांत कराते हुए चक्काजाम स्थिति को अपने काबू में लाया गया ?। फिलहाल मृतक के शव को नजदीक के मन्चूरी में रखा गया , परिजनों को सुचना दे दिया गया है । परिजन के आने के बाद ही पता चल सकेगा कि मृतक का नाम क्या है , उम्र कितना है । अभी तक सिर्फ इतना ही जानकारी प्राप्त हुआ है कि मृतक चैतमा कांजीपानी थाना चौकी चैतमा का है । आगे की खबर पुरी जानकारी प्राप्त होने के बाद ।

## गरिमा पब्लिक स्कूल उमरेली का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न,रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया हुए शामिल



**कोरबा।** गरिमा पब्लिक स्कूल उमरेली एवं कड़ारी के तत्वाधान में वर्षिकोत्सव का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर विधानसभा के विधायक फूलसिंह राठिया थे साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में गोदावरी प्रमोद राठौर , रमेश सिदार (सरपंच), जगदीश यादव , सोनाराम देवांगन , सुकबाई कंवर , गंगा देवांगन , अमन सोनी ( पत्रकार),गुलशन देवांगन,उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को और लाजवाब बनाने के लिए के छत्तीसगढी फिल्म सरई के अभिनेत्री अनिता बरेठ साथ ही एंकर संतोषी दीवान (गायिका) तथा विजय वर्मा(मिमिक्री किंग) का आगमन हुआ था।जिसमें विजय वर्मा (मिमिक्री किंग) ने नाना पाटेकर, अनुज शर्मा एवं अन्य कई अभिनेत्रीयों की आवाज निकालकर गांव वालों को हँसी से गदगद कर दिया।स्कूल के बच्चों ने रंगारंग नित्य प्रस्तुति देकर आनंदमय बना दिया एक ग्रुप ने राम भजन में नित्य करते हुए पूरे दर्शकों को राममय माहौल बना कर झूमने में मजबूर कर दिया जिससे सभी दर्शक राम भजन में झूमने लगे। कुछ बच्चों ने कृष्ण राधा तथा राम सीता की झांकी निकालकर गांव वालों को भक्ति में रंगा दिया।। उक्त वार्षिकोत्सव समारोह में गरिमा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर खिलावन देवांगन, प्राचार्य की भूमिका निभाने वाली अंजनी यादव एवं समस्त स्टाफ तथा गरिमा पब्लिक स्कूल कडारी के हेडमास्टर अनुराग कंवर एवं समस्त स्टाफ नें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पत्रकार मन्नेवार को पितृ शोक



**कोरबा।** कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार सुखसागर मन्नेवार के पिता गांधीराम मन्नेवार (72) का शनिवार की शाम 5 बजे निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे ग्राम नवापारा उमरेली के प्रतिष्ठित नागरिक व सेवानिवृत शिक्षक थे। उनका अंतिम संस्कार नवापारा गांव के मुक्तिधाम में आज सुबह किया गया । इस इवसर पर बड़ी संख्या में स्वजाति बंधुओं के अलावा ग्रामीण शामिल हुए ।

## प्रेस क्लब दीपका गेवरा का शपथ ग्रहण समारोह

## विधायक प्रेमचंद पटेल ने दिलवाई शपथ , भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा



**दीपका-गेवरा//कोरबा।** दीपका प्रेस क्लब के गठन उपरांत नवनिर्वाचित समिति के शपथ ग्रहण शुक्रवार को हुआ । इस आयोजन के अवसर पर क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्योतिनंद दुबे एवं मनोज शर्मा उपस्थित रहे । कार्यक्रम का सफल आयोजन तनवीर अहमद , अरुणिश तिवारी , वाहिद सिद्दीकी , अनूप यादव , दिलीप सिंह , रामकुमार कंवर के संरक्षक एवं नगर पालिका परिषद दीपका की अध्यक्ष संतोषी दीवान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में श्रमिक नेता रेशम लाल यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

रीक्रिएशन क्लब गेवरा प्रांगण में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के उपरांत आर. एन. पब्लिक स्कूल एवम सर्वमंगला इंग्लिश स्कूल के बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई । इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलवाया व प्रेस क्लब के संरक्षक तनवीर अहमद ने प्रेस क्लब की प्रस्तावना प्रस्तुत की जिसमे उन्होंने प्रेस क्लब की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला अध्यक्षीय भाषण में प्रेस क्लब अध्यक्ष आरती महतो ने अध्यक्षीय भाषण में अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत की और उन्होंने पत्रकारों के लिए एक सवसुविधायुक्त प्रेस क्लब भवन की मांग उपस्थित जनप्रतिनिधियों से की उसके उपरांत मंचस्थ अतिथियों ने अपने विचार रखे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष संतोषी दीवान ने कहा कि प्रेस निष्पक्षता से कार्य करे महिला अध्यक्ष बनाने पर उन्होंने बधाई भी दी।विशिष्ट अतिथि ज्योतिनंद दुबे ने प्रेस क्लब के इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया और उन्होंने क्षेत्र के पत्रकारों की मुक्तकंठ से सराहना की विशिष्ट अतिथि मनोज शर्मा ने कहा कि राष्ट्र के चौथे स्तंभ के रूप में प्रेस अपनी जिम्मेदारी का उचित निर्वहन कर रहा है विपरीत परिस्थितियों में भी प्रेस सदैव बढ़ चढ़ कर अपनी भूमिका निभाई है। मनचस्थ अतिथि श्रमिक नेता रेशमलाल यादव ने प्रेस को निष्पक्षता और बिना दबाव में आकर स्वविवेक से कार्य करने की बात कही अरुणिश तिवारी ने अपने ओजस्वी भाषण में प्रेस क्लब की सराहना की कार्यक्रम में मंच संचालन सेत मसीह व डीएवी की शिक्षिका भुवनेश्वरी जायसवाल ने किया । धन्यवाद ज्ञापन प्रेस क्लब सचिव हेमचंद सोनी ने किया के उपरांत कार्यक्रम समाप्त हुआ । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेस क्लब दीपका गेवरा के सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही । प्रेस क्लब गेवरा दीपका की मांग पर विधायक प्रेमचंद पटेल एवं पालिका अध्यक्ष संतोषी दीवान ने संयुक्त रूप से एक सर्वसुविधायुक्त भवन के निर्माण की घोषणा की , अपने उद्बोधन में प्रेमचंद पटेल ने कहा की प्रेस के दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए आवश्यक है की दीपका प्रेस क्लब का अपना एक भवन हो इसलिए मैं प्रेस क्लब अध्यक्ष आरती मनोज महतो एवं अन्य पदाधिकारियों की भवन की मांग को पूरा करने की घोषणा करता हूं । इस संबंध में भूमि व आवश्यक कार्यवाही का निर्देश उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष को मंच से ही दे दिया । उनके इस निर्णय पर प्रेस क्लब सदस्यों सहित क्षेत्रवासियों ने भी हर्ष व्यक्त किया एवं सभी की तरफ से प्रेस क्लब के संरक्षक अनूप यादव ने पटेल का आभार व्यक्त किया । जिले भर के पत्रकारों के साथ क्षेत्रवासी भी रहे उपस्थित , प्रेस क्लब गठन व शपथ की दी बधाई ।प्रेस क्लब गेवरा दीपका के शपथ ग्रहण में जिले भर से पत्रकारों ने शिरकत की एवं पाली , बरपाली , बालको , कटघोरा, दर्री, कुसमुंडा , बांकी आदि क्षेत्रों में संचालित प्रेस क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे । साथ ही साथ दीपका क्षेत्र से व्यापारी संघ दीपका, अग्रवाल समाज दीपका, समस्त स्वच्छता दीदी , एन सी एच हॉस्पिटल से विजय पाल , विभिन्न स्कूलों के शिक्षक , दीपका सामुदायिक स्वास्थ केंद्र से डॉक्टर हरिकंवर एवं उनकी टीम के साथ पार्षद रोहित जायसवाल, हर्षित देवी , कुसुमलता, मुकेश जायसवाल,प्रदीप जायसवाल संतोष गुप्ता ललित महिलांगे अभिषेक सिंह,व्यापारी संघ के अध्यक्ष निमेष अग्रवाल, कैवर्त , राकेश सिंह , दीपक गिलहरे , राधे सिंह , सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।

## राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए लोगों को दिक्कतों का सामना

**कोरबा।** राशन कार्ड नवीनीकरण आवेदन करने का सिलसिला शुरू होते ही मोबाइल एप में परेशानी आनी शुरू हो चुकी है। एप में कई बार सर्वर ठीक नहीं होने के कारण नवीनीकरण करने में परेशानी हो रही है।

कई बार मोबाइल एप बार कोड को स्कैन नहीं कर रहा है, वहीं एप पर मैनुअल राशन कार्ड नंबर और मोबाइल नंबर डाल कर सत्यापन करने में परेशानी हो रही है। ऐसे में परेशानी दूर करने के लिए खाद्य विभाग की ओर से सिटीजन एप को वर्जन 4.2 वर्जन में अपडेट कर दिया गया है। नए वर्जन का उपयोग करने के लिए हितग्राहियों को पुराने एप को प्ले स्टोर से अपडेट करना होगा। पुराने एप को अनइंस्टाल करने की जरूरत नहीं है। राशन कार्ड के नवीनीकरण की प्रक्रिया 25 जनवरी से शुरू हो चुकी है। यह काम 15 फरवरी तक चलेगा। राशन कार्ड नवीनीकरण करने के लिए दो तरह की सुविधा दी गई है। नवीनीकरण के लिए मोबाइल एप जारी किया है। नवीनीकरण से पहले ई-केवाईसी होना अनिवार्य है।

राशन नवीनीकरण करने के लिए घर के सदस्य की केवाईसी होना जरूरी है। तभी नवीनीकरण प्रक्रिया मान्य होगी। यह भी जरूरी है कि राशन कार्ड में जितने लोगों के नाम दर्ज हैं, उन्हें केवाईसी करवाना होगा। ऑनलाइन केवाईसी नहीं होने पर हितग्राही पास के उचित मूल्य की दुकान में जाकर राशन कार्ड के आधार पर नवीनीकरण करवा सकते हैं।

## 15 करोड़ का भुगतान लटका,परेशान ठेकेदारों ने ई-ई आरईएस को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश भर के स्कूल भवनों की जर्जर हालत को सुधारने के लिए अरबों रूपए जारी किये थे। कोरबा जिले में भी जिला शिक्षा अधिकारी, आदिवासी विकास विभाग एवं नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में भी मरम्मत कार्य के तहत निविदा निकाली गई थी, वर्क आर्डर भी ठेकेदारों को दिए गए और आरईएस, नगर निगम एवं आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत ठेकेदारों ने 8 माह पूर्व कार्य भी पूर्ण कर लिया लेकिन आज तक 15 करोड़ का भुगतान नहीं हो पाया है।

पूर्व जिला शिक्षाधिकारी जी.पी. भारद्वाज ने भुगतान न होने के संबंध में जानकारी देते हुए कहा था कि यूसीसी के कारण भुगतान रूका हुआ है। जल्द ही ठेकेदारों को भुगतान हो जाएगा और विभाग संबंधित तकनीकी विभागों को राशि जारी कर देगा, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी ठेकेदार परेशान हैं। सबसे ज्यादा ठेकेदार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा के हैं और भुगतान न होने के कारण ऐसे ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। आरईस द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्य करने के पश्चात भी भुगतान रोक दिया गया है, जिसके कारण ठेकेदारों के बीच आक्रोश व्याप्त हैं। ठेकेदारों ने शीघ्र भुगतान के लिए कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा कहा की उनके कार्य का सीसी भी जारी हो गया है, लेकिन अधिकारी इस मामले में गंभीर नहीं दिख रहे हैं, जबकि कलेक्टर अजीत वसंत ने भी निर्देश दिया है कि सीसी जारी होने के बाद अधिकारी भुगतान करें।

## सीएसआर की राशि से स्थापित हो सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल

**कोरबा।** नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने सूबे के मुखिया विष्णुदेव साय को जिलाधीश कोरबा के माध्यम से पत्र लिखकर एस.ई.सी.एल. की सी.एस.आर. राशि से कोरबा में सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल की स्थापना तथा मनेन्द्रगढ़ में मेडिकल कालेज की स्थापना की मांग की है, इसकी प्रतिलिपि प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी , गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा , केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव को भी भेजी गई है। नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि एस.ई.सी.एल. प्रबंधन द्वारा गेवरा प्रोजेक्ट, कुसमुण्डा प्रोजेक्ट, दीपका प्रोजेक्ट, मानिकपुर प्रोजेक्ट, बुड़बुडा प्रोजेक्ट से कोयले की बहुत बड़े स्तर में खनन की जाती है, जिससे कोरबा तथा आसपास के क्षेत्र प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित होते हैं। एस.ई.सी.एल. का मुख्यालय बिलासपुर में स्थित है तथा बिलासपुर में बड़े अधिकारी कार्यरत है। एस.ई.सी.एल. प्रबंधन के सी.एस.आर. मद से बिलासपुर में अपोलो हास्पिटल की स्थापना की गई है, जिससे बिलासपुर में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को ही उक्त अपोलो हास्पिटल का लाभ प्राप्त होता है, जबकि खनन का कार्य कोरबा, चिरमिरी व आसपास के क्षेत्रों में किया जाता है। कोरबा तथा आसपास के गांव प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित होते है। कोरबा व आसपास के ग्रामों की भूमि अधिग्रहण कर कोल माइनिंग की जाती रही है। कोल माइनिंग से कोरबा व आसपास के गांव में रहने वाले व्यक्ति प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित होते हैं

## अनियमित कर्मचारी व मध्यान्ह भोजन रसोइया महासंघ ने घण्टाघर में किया उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन का अभिनंदन



**कोरबा।** संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ व मध्यान्ह भोजन रसोइया महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में घंटाघर में उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन का सम्मान किया गया।छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ व मध्यान्ह भोजन रसोइया महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में घंटाघर में उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा की अनियमित कर्मचारियों को अब चिंता करने की जररूत नहीं है। बीते पांच साल में अलग अलग विभाग में कार्यरत अनियमित और प्लेसमेंट कर्मियों द्वारा आयदिन हड़ताल और धरना प्रदर्शन किया गया, लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने अनियमित कर्मियों के साथ हमेशा छलावा किया गया। चुनाव में आप सभी कर्मियों ने कोरबा से लेकर पूरे प्रदेश में बदलाव लाया। भाजपा सरकार आप लोगों से किए गए वादे को पूरा करेगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की जिस घोषणा मे मोदी की गारंटी जुड़ जाती है तो वह हर हाल में पूरी होती है। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, युवा मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र देवांगन, पूर्व एल्डरमैन राधे यादव, रामकुमार राठौर, सुनीता मिरी, अंकित मिरी, संदीप दिवेदी,जिला प्रेरक संघ अध्यक्ष रविन्द्र कुमार बाजपेयी,रामकुमार चौहान,पूर्णिमा साहू, खुर्शीदा बेगम,नितिन मुकेश, उमा साव,भीमा देवी, अंजलि महंत,नीलेश किरण,दर्शन रजक समेत अधिक संख्या में अलग अलग अनियमित कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों के लिए नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 5 फरवरी को

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने एवं आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न माध्यमों से आमजन को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के आयोजन के तहत 5 फरवरी को चश्मा घर व कोरबा नेत्रालय के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों के लिए निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में ऑटो चालक, बस संघ के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहेंगे। 5 फरवरी को वाहन चालकों के अलावा ऑटो चालक, टैक्सी चालक, बस चालक सहित आम जनों के लिए निऱ्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रात- 10 से दोपहर 2 बजे तक टीपी नगर चश्मा घर कोरबा नेत्रालय पर आयोजित होगा। इसमें चश्मा घर व कोरबा नेत्रालय द्वारा नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा वाहन चालकों सहित आम जनों का निऱ्शुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। यातायात में पदस्थ एएसआई मनोज राठौर ने जिले के समस्त वाहन चालकों एवं सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे इस निऱ्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में शामिल होकर अपना नेत्र परीक्षण अवश्य कराएं।

## आंगनबाड़ी कर्मियों ने देशव्यापी हड़ताल में शामिल होने लिया निर्णय

**कोरबा ।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच-छत्तीसगढ़ से संबद्ध सभी संगठनों के अध्यक्षों व प्रतिनिधियों की वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सरिता पाठक द्वारा तय किया गया कि संयुक्त मंच के द्वारा राज्यव्यापी जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन व सामूहिक अवकाश आंदोलन 22 फरवरी की जगह अब 16 फरवरी को आयोजित होगा। 6 फरवरी को पूरे देश में ट्रेड यूनियनों, फेडरेशनों, मजदूर यूनियनों, तमाम नियमित-अनियमित कर्मचारी संगठनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल आयोजित की गई है। जिसमें पूरे देश भर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका भी शामिल होंगी। यह पहली बार होगा कि पूरे देश की शोषित पीड़ित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपने राज्य की सरकारों तथा केंद्र सरकार से अपने लिए सरकारी कर्मचारी घोषित करने एवं अन्य मांगों के लिए मैदान में उतरेंगी। इस दिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी आंगनबाड़ी एवं क्रेश कार्यकर्ता एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर प्रत्येक जिला मुख्यालयो में रैली प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगे। वर्तमान सरकार के मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री से भी संयुक्त मंच की ओर से मिलने के लिए आवेदन दिया जा चुका है, किंतु अभी तक उन्होंने भी मिलने का समय नहीं दिया है। इस कारण संयुक्त मंच एवं राज्य की तमाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका आक्रोशित हैं।

# इंटरनेशनल कराते के खिलाड़ियों का सम्मान

**जांजगीर - चांपा ।** हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल कराते टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने 18 गोल्ड मेडल जीत कर पूरे विश्व में भारत सहित छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर आज कलेक्टोरेट %कार्यालय में कलेक्टर आकाश छिकारा, एसपी विजय अग्रवाल सहित पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कुश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह एवं जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकरसम्मानितकिया।, कराते एसोसिएशन आफ जांजगीर-चाम्पा के उपाध्यक्ष मुरली नायर ने बताया कि हैदराबाद में वर्ल्ड नाकायाम सोतो कांन कराते के तत्वावधान में द्वितीय वर्ष सेकंड इंटरनेशनल ओपन इनविटेशन मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2024 का आयोजन 28 जनवरी 2024 को आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ कराते एसोसिएशन ऑफ जांजगीर चाम्पा के अध्यक्ष रामू भैना के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया था,



जिसमें कविता कंश्यप, ममता कौशिक, छाया कौशिक, श्री नायर, ज्योति भारद्वाज, रितिका कुरें, तमन्ना पटेल, गजरा निषाद, अमन नामदेव, भुवन भैना, आशुतोष नायर, दीपेंद्र यादव, अविनाश यादव, सौनक राणा, निमेश साहू शामिल हुए और खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

## नगर पालिका कर्मचारियों के वेतन से हर माह कट रही राशि,लेकिन खाते में नहीं हो रही जमा



**अकलतरा।** नगर पालिका परिषद में पिछले दो वित्तीय वर्ष में कर्मचारियों के ईपीएफ व जीपीएफ में घोटाला किया है। यहां कार्यरत 100 दैनिक वेतन भोगी व 35 नियमित कर्मचारियों के वेतन से प्रति माह ईपीएफ, जीपीएफ व ईएसआईसी के लिए हर माह राशि काटी गई, लेकिन काटी गई राशि उनके एकाउंट में जमा नहीं कराई गई। इससे कर्मचारियों को दोहरा नुकसान हो रहा है, न तो उन्हें राशि मिल पा रही है, न ही उससे मिलने वाला ब्याज ही कर्मचारियों के खाते में आ पाएगा।

# समाज को दिशा देने वाले अधिवक्ता कभी हारते नहीं

**जांजगीर चांपा ।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर जांजगीर में आयोजित जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज जब मान सम्मान देता है तो जिम्मेदारी बढ़ जाती है। अधिवक्ताओं ने समाज को अलग दिशा दी है और समाज में परिवर्तन लाने का कार्य किया है। । अधिवक्ता कभी हारते नहीं हर परिस्थिति में उनकी जीत होती है। उन्होंने कहा कि जांजगीर-चांपा का बार एसोसिएशन हमेशा से समृद्ध रहा है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने जो प्रेरणा दी वह परम्परा यहां जारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य, तकनीक के साथ अपने को जोड़कर लगातार अपडेट करते हुए कार्य को करना है। उन्होंने जिला अधिवक्ता संघ द्वारा पक्षकारों के बैठने के लिए व्यवस्था बनाने की मांग पर प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा और अधिवक्ताओं के सहयोग के



लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक अधिवक्ता कभी हारता नहीं। हर परिस्थिति उसकी जीत होती है। अगर वह केस जीत गया तो यह आदर्श स्थिति है। अगर केस हार गया और पक्षकार का दिल जीत लिया तो भी बड़ी संतुष्टि की बात है कि पक्षकार ने यह मान लिया कि उसके वकील ने पूरी मेहनत की थी। केस कमजोर था इसलिए हार गए। इसके अलावा अगर केस भी हार गया और पक्षकार का विश्वास जीतने में सफल नहीं रहा मगर न्यायाधीश उनके पैरवी से संतुष्ट और खुश हैं तो यह भी अधिवक्ता की जीत है। न्यायाधीश यह जरूर देखते हैं कि अधिवक्ता किसी केस को कितना लगन से लड़ता है। उन्होंने अधिवक्ताओं को सफलता के लिए नियमित अध्ययन करने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेश सोनी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिले के अधिवक्ताओं की प्रशंसा पूरेप्रदेश में की जाती है। यहां महिला अधिवक्ता, पुरुष अधिवक्ताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही हैं। इसके साथ विधिक सेवा के माध्यम से समाज के पिछड़े वंचित लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहें हैं जो प्रशंसनीय है। इस अवसर पर सांसद गुहाराम अजगले ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लोगों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका रहती है। इसलिए जरूरी है कि आम जनता को सुलभ न्याय मिल सके इसके लिए कार्य किए जाएं। इसके पूर्व स्वागत भाषण जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय केशरवानी ने दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक जांजगीर- चांपा व्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, गुलाब सिंह चंदेल, हाईकोर्ट अधिवक्ता रूपेश त्रिवेदी, संजीव पांडेय, अमर सुलतानिया, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष नरेश शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश मिश्रा ने किया।

# महतारी वंदन योजना का लाभ पात्र महिलाओं को अगले माह से

**जांजगीर-चांपा ।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी पूरी की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। योजना में पात्र महिलाओं को 1 मार्च से लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इस योजना के तहत 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए के मान से साल में 12 हजार रूपए की राशि उनके बैंक खातों में डाली जाएगी।

महतारी वंदन योजना के लिए महिलाओं से 5 से 20 फरवरी तक आनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय की लागिन आई.डी से किए जा सकते हैं। नगरीय क्षेत्र के आवेदक वार्ड प्रभारी के लॉगिन आई.डी से आवेदन कर सकेंगे।

पात्रता शर्तें: महतारी वंदन योजना के लिए निर्धारित पात्रता शर्तों में महिला को छत्तीसगढ़ का निवासी होना जरूरी है। इसके अलावा जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है उस वर्ष विवाहित महिला की आयु 1 जनवरी 2024 से 21 वर्ष से कम नही होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत




विधवा, तलाक सुदा, परित्यक्त महिला भी पात्र होंगी। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र महिला को 1000 रूपए की प्रतिमाह के मान से साल में 12 हजार रूपए की राशि डी.बी.टी के माध्यम से उनके बैंक

**ये दस्तावेज जमा करना होगा**

आवेदन करते समय हितग्राहियों को स्वयं का सत्यापित किया हुआ पासपोर्ट साइज की फोटो, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, मतदाता परिचय पत्र में से कोई भी एक, स्वयं एवं पति का आधार कार्ड, स्वयं एवं पति का पैन कार्ड (यदि हो तो), विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी प्रमाण पत्र, विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी वार्ड अथवा ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र के लिए 10 अथवा 12 की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक, बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा अथवा शपथ पत्र जमा कराना होगा।

खातों में हस्तांतरण किया जाएगा। विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत लाभान्वित होने वाली ऐसी महिलाएं जिन्हे प्रतिमाह 1000 रूपए से कम राशि मिल रही है, उन्हें योजना के लिए पात्र होने पर अतिरिक्त राशि स्वीकृत- की जाएगी, जिससे उन्हें अधिकतम 1000 रुपये मासिक राशि प्राप्त हो सकेगी।

पोर्टल एवं एप: महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन नि:शुल्क होगा। इस योजना के लिए ऑनलाइन भरने के लिए पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसके अलावा योजना के लिए बनाए गए मोबाईल एप पर भी आवेदन जमा किया जा सकता है।

## जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगाये गये प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शिविर का लिया जायजा

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर के खुंटे ने शनिवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगाये गये प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शिविर का जायजा लिया और अकलतरा में बिहान कैंटीन में चाय नाश्ता कर समूह की दीदियों का उत्साहवर्धन किया।

जिला पंचायत सीईओ ने जिले के ग्राम पंचायत अमरताल, कोटमीसोनार, रसेड़ा, नरियरा, बनाहिल में लगाये गए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुचकर चल रही प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने शिविर के माध्यम से सभी का शत प्रतिशत कार्ड बनाने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कार्ड बनाने के निर्देश दिए। शिविर में परम्परागत बढ़ाई, दर्जी, नाई, मोची, मूर्तिकार, लोहार, धोबी, कुम्हार, राजमिस्त्री जैसे 18 श्रेणी के कारीगर,शिल्पकार अपने आधार कार्ड , बैंक एकाउंट व मोबाइल नम्बर के साथ पंजीयन कराने पहुंचे। योजना में हितग्राहियों को प्रशिक्षण के बाद 15 हजार रुपए का अनुदान टूल्स किट के लिए दिया जायेगा, साथ ही कम ब्याज दर पर राशि 3 लाख तक ऋण की सुविधा मिलेगी।

# सात किलो गांजा के साथ पकड़ाए दो तस्कर

**जांजगीर - चांपा ।** गांजा बिक्री करने वाले ग्राम खैरताल के एक युवक और इस कार्य में उसका साथ देने वाले एक नाबालिग रिश्तेदार को नवागढ़ पुलिस ने साइबर टीम की मदद से पकड़ा है। पुलिस ने आरोपित युवक के घर में छिपाकर रखे 70 हजार रूपये का सात किलो गांजा जब्त किया है।

पुलिस ने आरोपित युवक और नाबालिग को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम खैरताल निवासी विरेन्द्र कुमार अपने एक नाबालिग रिश्तेदार के माध्यम से गांजा बिक्री करने का काम करता है। उसने अपने घर में बड़ी मात्रा में अपने घर में गांजा छिपाकर रखा हुआ है। सूचना पर साइबर और नवागढ़ पुलिस की टीम खैरताल पहुंची और वीरेंद्र कुमार के घर की तलाशी ली। जहां उसके कब्जे से सात किलो गांजा बरामद किया जिसकी कीमत 70 हजार रूपये बताई गई है।

पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया । आरोपित युवक को न्यायालय में पेश किया गया जहां से



उसे जेल भेज दिया गया। वहीं नाबालिग को किशोर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे बाल सुधार गृह भेजा गया।

## डू आर डाई लिखे बाइक से ला रहे थे नशीली दवा, जप्त

**जांजगीर।** जांजगीर नशीली दवाओं का अवैध व्यवसाय व परिवहन का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है, जिला मुख्यालय में नेशनल हाइवे रायगढ़ की ओर से नशीली दवाइयां आती हैं। पिछले दस दिनों में पुलिस ने नशे का इस तरह व्यवसाय करने वालों को पुलिस ने दूसरी बार गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने एनएच में डू आर डाई लिखे बाइक से नशीली दवाओं की तस्करी कर रहे दो युवकों को पकड़ा ।

# देश में भ्रष्टाचार व महंगाई है चरम सीमा पर : सचिन



**सक्ती ।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी 11 फ़रवरी को सक्ती जिला में प्रवेश करेंगे। प्रदेश कॉग्रेस के प्रभारी व पार्टी के महासचिव सचिन पायलट रूट का जायजा लेने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत, प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ शाम 7 बजे सक्ती पहुंचे । जहां जांजगीर-चाम्पा सक्ती जिले के कॉग्रेस पदाधिकारी व विधायकों ने उनका स्वागत किया । इस अवसर पर महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में दबे कुचले लोगों की आवाज बुलंद कर रहे हैं।

देश मेंकिसान, युवा, महिलाएं परेशान हैं। देश में भ्रष्टाचार महंगाई चरम पर है। हम सब अधिक से अधिक संख्या में राहुल गांधी के न्याय यात्रा को समर्थन देकर सफल एवं यादगार बनाएं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज प्रदेश का किसान परेशान हैं। युवा रोजगार के लिये भटक रहे हैं । डा. चरण दास महंत ने कहा कि देश मे धर्म एवं जाति के नाम पर लड़ाया जा रहा है हम सब बाबा गुरु घासीदास के मनखे मनखे एक समान को मानने वाले लोग हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सक्ती जिला से जब राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा न्याय यात्रा प्रवेश करेगी तो हम सब छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कॉग्रेस जन आएंगे सबसे बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा के प्रभारी पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने कहा छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी का रायगढ़ से सरगुजा तक हम यात्रा को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

इस दौरान विधायकगण रामकुमार यादव , शेष राज हरवंश, बालेश्वर साहू , व्यास कश्यप, राघवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह , प्यारे लाल कंवर, यू डी मिंज , शैलेंश पांडेय , नोवेल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यनिता चन्द्रा , रश्मि गबेल, नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल, जिला महिला कॉग्रेस अध्यक्ष गीता देवांगन , विजय सूर्यवंशी , दिलेश्वर राठौर , जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर , जिला कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल , प्रदेश प्रतिनिधि गुलजार सिंह , सुरेश अग्रवाल , श्यामसुंदर अग्रवाल , आनंद अग्रवाल , नरेश गेवाडीन , गिरधर जायसवाल , सरवन सिदार , अध्यक्ष कन्हैया कंवर , शहर अध्यक्ष दिगम्बर चौबे , जिला महामंत्री अमित राठौर , नन्द कुमार चन्द्रा, कुशल कश्यप, कुसुमलता अजगले, परस यादव , रविन्द्र शर्मा , राजीव जायसवाल, मनोज जायसवाल , पीयूष राय, अमीर अग्रवाल , उगेन्द अग्रवाल , रथराम पटेल , अशोक यादव, सुरेश देवांगन , अनिल राठौर , लव सोनी , रिक्की सेवक, राहुल अग्रवाल ,मनिष कथूरिया ,कौशल्या कमलेश, विजया जायसवाल ,चांदनी सहिस, रीना गेवाडीन, कुसुम यादव ,राइस किंग खूंटे ,रमेश पैगवार , जगेश्वर सिंह राज , राकेश रोशन महंत , संतोष सोनी , रामसजीवन देवांगन , रोहित गहरवाल , रोहित यादव , रामेश्वर बरेठ , सहस राम कर्ष , मनका जायसवाल , हेमू सोनी , रामुजायसवाल, राजेश जायसवाल , रन साय बरेट , सरपंच जनपद सदस्य कॉग्रेस पदाधिकारी ने जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# 11 को राहुल गांधी की न्याय यात्रा शहर में जोरदार स्वागत की तैयारी

**सक्ती।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी 11 फ़रवरी को सकती जिला में प्रवेश करेगी प्रदेश कॉग्रेस के प्रभारी महासचिव पायलट रूट का जायजा लेने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रतिपक्ष नेता डॉ चरण दास महन्त प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ सायंकाल 7 बजे सकती पहुंचे जहां जांजगीर चाम्पा सकती जिले के कॉग्रेस पदाधिकारी विधायक गण ने जोर दार स्वागत किया इस अवसर पर महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में दबे कुचले लोगों की आवाज बुलंद कर रहे है देश मे किसान युवा महिलाएं परेशान हैं देश मे भ्रष्टाचार महगाई चरम पर है हम सब अधिक से अधिक संख्या में राहुल गांधी जी के न्याय यात्रा को समर्थन देकर सफल एवँ यादगार बनाये पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कहा कि आज प्रदेश का किसान परेशान है युवा रोजगार के लिये भटक रहे हैं डॉ चरण दास महन्त ने कहा कि देश मे धर्म एवँ जाती के नाम पर लड़ाया जा रहा है हम सब बाबा गुरु घासीदास के मनखे मनखे एक समान को मानने वाले लोग है प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि सकती जिला से जब राहुल गांधी जी का भारत जोड़ो यात्रा न्याय यात्रा प्रवेश करेगी तो हम सब सब छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कॉग्रेस जन आयेंगे सबसे बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल होंगे यात्रा के प्रभारी पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने कहा छत्तीसगढ़ में राहुल



गांधी जी का रायगढ़ से सरगुजा तक हम यात्रा को सफल बनाने में अपना योगदान दे जिला कॉग्रेस कार्यालय में प्रभारी सचिव चन्दन यादव शैलेश नितिन त्रिवेदी सुबोध हरितवाल दिनेश शर्मा शिशिर द्विवेदी राजेश अग्रवाल रीना गेवाडीन विधायकगण रामकुमार यादव शेष राज हरवंश बालेश्वर साहू व्यास कश्यप राघवेंद्र सिंह पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा गुलाब कमरों प्यारे लाल कंवर यू डी मिंज शैलेश पांडेय नोवेल वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष यनिता चन्द्रा रश्मि गवेल नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति सुषमा जायसवाल जिला महिला कॉग्रेस अध्यक्ष गीता देवांगन जिला किसान कॉग्रेस साधेश्वर गवेल विजय सूर्यवंशी दिलेश्वर राठौर जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर जिला कॉग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल प्रदेश प्रतिनिधि गुलजार सिंह सुरेश अग्रवाल उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल आनंद अग्रवाल नरेश गेवाडीन गिरधर जायसवाल ब्लाक सरवन सिदार अध्यक्ष कन्हैया कवर शहर अध्यक्ष दिगम्बर चौबे जिला महामंत्री अमित राठौर नन्द कुमार चन्द्रा कुशल कश्यप कुसुमलता अजगले परस यादव रविन्द्र शर्मा राजीव जायसवाल मनोज जायसवाल पियूष राय,अमीर अग्रवाल उगेन्द अग्रवाल रथराम पटेल गुरुदेव चौधरी अशोक यादव सुरेश देवांगन अनिल राठौर लव सोनी रिक्की सेवक राहुल अग्रवाल मनिष कथूरिया कौशल्या कमलेश विजया जायसवाल चान्दनी सहिस रीना गेवाडीन कुसुम यादव राइस किंग खूंटे रमेश पैगवार जगेश्वर सिंह राज राकेश रोशन महन्त संतोष सोनी रामसनजीवन देवांगन विजय गहरवाल रोहित यादव: रामेश्वर बरेठ सहस राम कर्ष विजया जायसवाल मनका जायसवाल हेमू सोनी रामु जायसवाल राजेश जायसवाल रन साय बरेट सरपंच गण जनपद सदस्य कॉग्रेस पदाधिकारी ने जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे

# डिफाल्टर सूची में शामिल फिर भी लोकपाल की नियुक्ति नहीं



**जांजगीर- चांपा।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा डिफाल्टर लिस्ट में शामिल किए जाने के बाद भी शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है।स्थापना के 4 साल बाद भी रायगढ़ स्थित शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय में व्यवस्था नहीं बन पाई है। चाहे मामला शैक्षणिक कैलेंडर का होया खेल कैलेंडर का । इसका पालन नहीं हो पाता। अब तक विश्वविद्यालय में पूरक परीक्षा के नतीजे घोषित नहीं हुए हैं। वहीं इस विश्वविद्यालय में लोक पाल की नियुक्ति नहीं होने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) द्वारा इसे भी डिफाल्टर विश्वविद्यालयों में सूची में शामिल किया गया है। 31 जनवरी तक विश्वविद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति अनिवार्य रूप से करने को कहा गया है मगर शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय ने इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं की है जबकि अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति ने इस संबंध में अपना दामन बचाते हुए इस मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी है। लेकिन रायगढ़ में इस तरह की पहल भी नहीं हुई है। इस तरह इस विश्वविद्यालय में यूजीसी की नियमों की लगातार अनदेखी हो रही है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुल सचिव सौरभ शर्मा से मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने काल रिसीव नहीं किया। वाट्सएप मैसेज के माध्यम से भी उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया मगर उन्होंने इसमें भी उत्तर नहीं दिया।

**कुलपति भी नहीं उठाते फोन**-शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एमपी पटेरिया भी मोबाइल रिसीव नहीं करते। वे भी मीडिया के सवालों से हमेशा बचना चाहते हैं।

**क्या है लोकपाल**-विश्वविद्यालय में लोकपाल छात्रों की शिकायत निवारण के लिए गठित किया जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग छात्रों की शिकायत का निवारण विनियम 2023 के तहत में सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्र शिकायत निवारण समिति और लोकपाल की नियुक्ति का प्रविधान है। लोकपाल पीड़ित छात्रों की अपील के लिए सक्षम निकाय होगा। लोकपाल की नियुक्ति विश्वविद्यालय द्वारा की जानी है।

# उप मुख्यमंत्री ने ली पीडब्ल्यूडी, पीएचई, नगरीय निकाय विभाग की समीक्षा बैठक

**जांजगीर-चांपा।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में अपने प्रभार वाले लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवा और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। तीनों विभागों के अधिकारियों को विभागीय कामकाज के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने कहा। उन्होंने कार्यों को समय सीमा के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश। साथ ही उन्होंने पीएम आवास, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक शत प्रतिशत पहुंचाने कहा। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागीय समन्वय बनाकर सभी कार्य पूर्ण करने कहा। कलेक्टर आकाश छिकारा ने विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।



बैठक में सांसद गुहाराम अजगले, विधायक व्यास कश्यप, कलेक्टर आकाश छिकारा, गुलाब सिंह चंदेल, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अमर सुलतानिया, प्रशांत ठाकुर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि निर्माण कार्यों की श्रेष्ठ गुणवत्ता प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी कार्यों के अनिवार्यत: समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा में काम पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। तीनों विभागों के अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए कार्यप्रणाली में सुधार लाने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता के प्रति जो हमें जिम्मेदारी दी गई है उसके मुताबिक अच्छा काम करना है। उन्होंने सड़कों की मरम्मत का काम पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में पानी पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पी एम आवास, पीएम विश्वकर्मा, योजना का काम पहली प्राथमिकता के साथ करने कहा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से योजना का प्रचार प्रसार करते हुए क्रियान्वयन किया जाए।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि शहरी क्षेत्र के नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रमुखता के साथ प्रदान की जाए। उन्होंने अवैध कालोनी निर्माण पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय क्षेत्र में राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाते हुए शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य निर्माण कार्यो की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सुबह फील्ड में जाकर निर्माण कार्य एवं सफाई कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

## अनमोल वचन

**जीवन में सीख अक्सर ठोकरों से मिलती है..!**

## कांग्रेस के कई नेता संशय में

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ईडी ने 29 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था। इससे पहले 17 जनवरी को भी उनसे पूछताछ हुई थी। गुड़गांव से सटे मानेसर में कथित जमीन घोटाले में उनसे पूछताछ हो रही है। कहा जा रहा है कि इस मामले में डेढ़ हजार करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। बताया जा रहा है कि चार सौ एकड़ जमीन के अधिग्रहण का भय दिखा कर किसानों से औने पौने दाम पर जमीन खरीदी गई थी। इसके अलावा एसोसिएटेड जर्नल्स को जमीन देने का मामला अलग है। सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी की जमीन खरीद का विवाद भी है। हालांकि अभी तक जमीन से जुड़े इतने विवादों के बावजूद हुड्डा आजाद हैं। कांग्रेस और हुड्डा का कहना है कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं इसलिए एजेंसी कुछ नहीं कर पा रही है तो दूसरी ओर जानकारों का यह भी कहना है कि भाजपा को उनसे ज्यादा खतरा नहीं दिख रहा है या भविष्य मे उनके इस्तेमाल की उम्मीद है इसलिए उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। जो हो लोकसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव तक उनकी गर्दन पर तलवार लटकी रहेगी।

कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की चिंता भी बढ़ी है क्योंकि सत्ता से हटते ही महादेव ऐप घोटाले में ईडी ने उनका नाम शामिल कर दिया है। इस मामले में उनके ऊपर 508 करोड़ रुपए लेने का आरोप लगा था। हालांकि आरोप लगाने वाला अपनी बात से मुकर गया था लेकिन जब बघेल की सरकार हट गई तो इस मामले में गिरफ्तार आरोपी फिर पलट गया। सो, उनकी मुश्किल भी बढ़ सकती है। राजस्थान में मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत के परिवार के सदस्यों से लेकर प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के खिलाफ ईडी का मामला चल रहा है। कर्नाटक में उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के मामलों में अदालत का फैसला भी आना है और एजेंसी की कार्रवाई भी संभावित है। वैसे ईडी का केस तो तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ भी है लेकिन अभी तुरंत कार्रवाई की संभावना नहीं दिख रही है।

## राशिफल

**मेष :** आज आप अपने अंदर भरपूर विश्वास व ऊर्जा महसूस करेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा तथा अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने की भी कोशिश करेंगे। सामाजिक दायरा बढेगा। मान-सम्मान मे वृद्धि होगी।किसी नजदीकी रिश्तेदार के घर जाने की भी योजना बन सकती है व समय मनोरंजन तथा हंसी खुशी में व्यतीत होगा। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**वृष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।वर्तमान व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार करने के लिए कुछ नई योजनाएं बनेंगी। इस समय बहुत ही उचित ग्रह स्थिति बनी हुई है, इसलिए इन योजनाओं को तुरंत ही क्रियान्वित करें। आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** आज भाग्य आपके साथ है। आपके रुके हुए राजकीय काम किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से पूरे हो सकते हैं इसलिए प्रयासरत रहें। साथ ही बच्चों की समस्याओं को सुलझाने में भी आपका विशेष योगदान रहेगा व सफलता मिलेगी और आप श्रेष्ठ अभिभावक भी साबित होंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कर्क :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा।व्यवसाय में गति लाने के लिए कुछ नई नीतियां बनाना जरूरी है। हालांकि वर्तमान नकारात्मक वातावरण की वजह से व्यापार मंद ही हैं। नौकरी में त्योहारों की वजह से कार्यभार की अधिकता रहेगी। धार्मिक विचारधारा सकारात्मक रहेगी। मनोबल बढेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**सिंह :** आज आप दिन में व्यस्त रह सकते हैं। घर में कोई यात्रा संबंधी मांगलिक कार्य संपन्न होने जैसी योजनाएं बनेंगी। तथा खुशी भरा वातावरण व्याप्त रहेगा। घर के सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह पूरी निष्ठा से करेंगे। बड़े बुजुर्गों का भी स्नेह व आशीर्वाद बना रहेगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**कन्या :** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा।व्यवसायिक गतिविधियां पूर्ववत ही रहेंगी। अपने स्वभाव को नियंत्रित रखना आवश्यक है। जल्दबाजी न करें बनते काम बिगड़ भी सकते हैं। ऐसी ही सावधानी नौकरीपेशा लोगों को अपने ऑफिस में भी चाहिए। आध्यात्मिक विचार बनेंगे व सफलता भी मिलेगी। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**तुला :** आज आपका दिन मन खुश करने वाला रहेगा। कुछ समय से चल रही किसी विशेष कार्य के प्रति आपकी लगन व मेहनत के अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होने वाले हैं। अपने काम पर पूरा ध्यान केंद्रित रखें। घर में किसी धार्मिक कार्य के आयोजन संबंधी योजना भी बनेगी। युवा वर्ग कोई उपलब्धि मिलने से गर्व महसूस करेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।पब्लिक डीलिंग तथा मीडिया से संबंधित कार्यों में आज विशेष ध्यान दें। क्योंकि इनसे अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। नौकरी पेशा लोगों के लिए भी ऑफिस का माहौल पॉजिटिव रहेगा। तथा सहयोगियों के साथ संबंध बेहतर बनेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**धनु :** आज आपकी सकारात्मक विचारधारा दिन को बेहतर बनाएगी। धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यों के प्रति आपकी आस्था व रुझान बढ़ेगा। जिससे आपके अंदर सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न होगा। आज दिन का अधिकतर समय किसी विशेष कार्य संबंधी योजनाओं को क्रियान्वित करने में व्यतीत होगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**मकर :** आप भाग्य आपके साथ है। कार्यक्षेत्र में आंतरिक रखरखाव तथा नवीनीकरण जैसी योजना बनेगी। इस परिवर्तन में वास्तु सम्मत नियमों का अवश्य उपयोग करें, इससे सकारात्मक ऊर्जा व्याप्त होगी। बड़ो का आशीर्वाद प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों का अपने अधिकारियों के साथ किसी बात को लेकर हल्का मनमुटाव हो सकता है। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**कुंभ :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। कार्यक्षेत्र में भावुकता की बजाय प्रैक्टिकल तरीके से सबके साथ व्यवहार करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। सहयोगियों तथा कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के कारण खुशनुमा माहौल बनेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**मीन :** आज आपका सकारात्मक दृष्टिकोण किसी भी परिस्थिति में ऊर्जावान व मानसिक रूप से मजबूत बनाकर रखेगा। अगर पुश्तैनी प्रॉपर्टी संबंधी कोई वाद-विवाद चल रहा है, तो उसे हल करने के लिए आज का दिन बहुत ही उचित है। धार्मिक विचार उतपन्न होगे। बच्चों का साथ माहौल खुश बनाएगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

# वापसी के भरोसे वाला बजट भाषण

//अजीत द्विवेदी//

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नए संसद भवन में जो पहला बजट भाषण पढ़ा है वह नीतिगत दस्तावेज कम और खर्च का लेखा-जोखा ज्यादा है। वैसे अंतरिम बजट ऐसा ही होना चाहिए। पांच बजट पेश करने के बाद जाती हुई सरकार को नीतिगत घोषणाएं करने की बजाय सिर्फ हिसाब किताब रखना चाहिए और चुनाव के बाद तक के लिए जरूरी खर्च की अनुमति लेनी चाहिए। इस लिहाज से देखें तो निर्मला सीतारमण के भाषण को अंतरिम बजट का टेक्स्ट बुक भाषण कह सकते हैं। उन्होंने खर्च का लेखा-जोखा पेश किया लेकिन चुनाव को ध्यान में रखते हुए ज्यादा जोर यह बताने पर दिया कि उनके पहले के पांच बजटों से क्या क्या हासिल हुआ है या 10 साल के नरेंद्र मोदी के शासन में देश में क्या क्या सुधार हुए हैं। उन्होंने 10 साल की उपलब्धियों के आंकड़े पेश किए। वैसे एक पुरानी कहावत है कि झूठ तीन तरह के होते हैं- झूठ, सफेद झूठ और आंकड़े।**

बहरहाल, वित्त मंत्री ने बताया कि नरेंद्र मोदी के शासन में आयकर भरने वालों की संख्या में ढाई गुना की बढ़ोतरी हुई है और सरकार के प्रयासों से पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। उन्होंने बताया है कि मनमोहन सिंह के दस साल यानी 2004 से 2014 के बीच आए विदेशी निवेश के मुकाबले 2014 से 2024 के बीच दोगुना विदेशी निवेश आया है। कुछ और बड़े आंकड़े हैं जैसे कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत 34 लाख करोड़ रुपए लोगों के खाते में डाले गए। पीएम मुद्रा योजना के तहत 22.5 लाख करोड़ रुपए का कर्ज दिया गया। मुफ्त राशन से 80 करोड़ लोगों के खाने की चिंता खत्म हुई। करीब डेढ़ करोड़ युवाओं को कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण दिया गया। 30 करोड़ कर्ज महिला उद्यमियों को बांटे गए। चार करोड़ किसानों को फसल बीमा का लाभ मिला तो 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को सम्मान निधि का फायदा हुआ। इस तरह के आंकड़ों की लंबी सूची है, जिसे करीब एक घंटे के भाषण में वित्त मंत्री न पढ़ा। चुनाव से दो महीने पहले और क्या कहा जाता!

उपलब्धियां बताने के बाद कुछ वादे भी किए गए। वित्त मंत्री ने कहा कि जिस तरह से गरीबों के लिए आवास की योजना है वैसे ही आवास योजना मध्य वर्ग के लिए शुरू की जाएगी। उनके लिए दो करोड़ घर बनाए जाएंगे। आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे। 40 हजार सामान्य रेल कोच को वंदे भारत जैसे कोच में बदला जाएगा। लक्षद्वीप के विकास पर ज्यादा खर्च किया जाएगा। इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देंगे और 50 साल में एक लाख करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त कर्ज देंगे। नौ से 14 साल की लड़कियों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें सरवाइकल कैंसर का टीका भी शामिल है। अलग अलग समूहों के लिए इस तरह के कई और वादे हैं।

उपलब्धियों और वादे के बाद कुछ जुमले भी वित्त मंत्री ने सुनाए। जैसे जीडीपी का मतलब 'गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉरमेंस' होता है या एफडीआई का मतलब 'फर्स्ट डेवलप इंडिया' होता है। कुछ सचाई वाली तस्वीरें भी रखीं। जैसे सरकार को हर तरह के टैक्स से कुल 30 लाख करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा, जबकि खर्च 44 लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा का होगा। इसका मतलब है कि 14 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया जाएगा। ध्यान रहे केंद्र सरकार देश की जीडीपी के 57 फीसदी के बराबर कर्ज ले चुकी है। 2014 में देश पर जो कर्ज 55 लाख करोड़ रुपए था वह अब 160 लाख करोड़ रुपए का हो गया है। राज्यों का कर्ज जोड़ें तो कुल जीडीपी के 85फीसदी तक कर्ज हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को चिंता है कि भारत कहीं वेनेजुएला, यूनान या इटली वाली स्थिति को न प्राप्त हो।

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने साफ कहा कि टैक्स स्लैब में कोई छूट नहीं दी जाएगी। यानी मध्य वर्ग को आयकर में कोई राहत नहीं मिली है, जिसकी चुनावी साल में उम्मीद की जा रही थी। जीएसटी को लेकर भी वित्त मंत्री ने कुछ नहीं कहा। पेट्रोल, डीजल को जीएसटी में लाने या उसमें सुधार की कोई बात अंतरिम बजट में नहीं कही गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के सस्ता होने की वजह से पेट्रोलियम उत्पादों के दाम कम होने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन उत्पाद शुल्क में कटौती की कोई बात नहीं हुई। असल में सरकार सफलतापूर्वक यह झूठा नैरेटिव स्थापित करने में कामयाब हो गई है कि लोगों के टैक्स के पैसे से देश में विकास का काम होता है। राह चलता आदमी बताता है कि टैक्स के पैसे से सड़कें बनती हैं। यह अलग बात है कि वह उसी सड़क पर भारी भरकम टोल टैक्स चुका कर चलता है। उसके अलावा गाड़ी खरीदते समय रोड टैक्स देता है, पेट्रोल-डीजल पर 50 फीसदी तक शुल्क देता है और प्रति लीटर रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का उपकर अलग से देता है।

हकीकत यह है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत दुनिया में 143वें स्थान पर है और आयकर, जीएसटी, उत्पाद शुल्क, हाउस टैक्स, रोड टैक्स, टोल टैक्स सहित दर्जनों तरह के टैक्स को मिला कर दुनिया में समग्र औसत टैक्स भारतीयों का सबसे ज्यादा है। भारत सरकार का टैक्स राजस्व पिछले 10 साल में तीन सौ फीसदी बढ़ा है। अब जीएसटी से सरकार को कॉरपोरेट और आयकर से ज्यादा राजस्व मिल रहा है। और हां, वेल्थ टैक्स सरकार ने खत्म कर दिया है। बहरहाल, वित्त मंत्री का बजट भाषण शुरू होने से ठीक पहले खबर आई कि सरकार ने कॉमर्शियल रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत में 14 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। यह एक फैसला बजट को लेकर सरकार की सोच को बताने वाला है।

सरकार ने दिखाया कि वह अगले चुनाव को लेकर इतने भरोसे में है कि अंतरिम बजट में कोई लोक लुभावन घोषणा करने की बजाय दाम बढ़ाने के सख्त फैसले कर रही है। उसने बताया कि अगला चुनाव जीतने के लिए एक टूल के तौर पर बजट का इस्तेमाल करने की जरुरत नहीं है। यह बात वित्त मंत्री ने अपने भाषण में भी कही। असल में सरकार मुफ्त अनाज योजना बढ़ाने सहित सारी लोक लुभावन घोषणाएं पहले ही कर चुकी है और दूसरे, सरकार को अयोध्या में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और ज्ञानवापी के तहखाने में आधी रात को हुई पूजा-अर्चना से ज्यादा उम्मीदें हैं।

# कांग्रेस में दिग्गज नहीं दिखा रहे दम

// देवदत्त दुबे//

**2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी पराजय के बाद कार्यकर्ताओं से ज्यादा हताशा कांग्रेस के दिग्गज नेता दिखा रहे है। मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कोई उत्साह दिखाते नजर नहीं आ रहे जबकि इन दोनों की जोड़ी ने 2018 के विधानसभा चुनाव 2019 के लोकसभा चुनाव और 2023 के विधानसभा चुनाव में भारी दम खम दिखाया।**

दरअसल, प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सरकार बनाने की उम्मीद है। 2018 की तरह बन गई थी लेकिन करारी हार मिलने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व में जिस तरह से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन किया। उसके बाद दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने लोकसभा चुनाव के प्रति किसी भी प्रकार का उत्साह नहीं दिखाया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जहां लोकसभा चुनाव लड़ने से ही इनकार कर दिया क्योंकि उनके अभी राज्यसभा के 2 वर्ष का कार्यकाल बाकी है जबकि पार्टी हाईकमान और पार्टी के रणनीतिकार दिग्गज नेताओं को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारना चाहते हैं। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी विधानसभा चुनाव की पराजय के बाद बाहर चले गए थे। कुछ दिन पहले भोपाल और छिंदवाड़ा आकर औपचारिकता की है। किसी पर प्रकार की रणनीति बनाने या चुनावी तैयारी जैसा कोई बयान भी सामने नहीं आया है। इसके विपरीत कमलनाथ के पुत्र सांसद कमलनाथ को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहता है कि वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं लड़ेंगे। यहां तक कि वह किस पार्टी से लड़ेंगे ऐसे भी प्रश्न चर्चा में आना कांग्रेसियों के लिए किसी झटके से कम नहीं है।

बहरहाल, प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जहां सभी 29 लोकसभा सीटे जीतने के लिए बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक जोरदार तैयारी में जुट गई है। सत्ता और संगठन कदमताल करते हुए पूरी तरह से चुनाव पर फोकस किए हुए हैं। पार्टी प्रत्याशियों को लेकर सर्वे चल रहे हैं नए चेहरों को मैदान में उतरने और कुछ दिग्गज नेताओं को लड़ाने पर भी विचार चल रहा है। पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या में राम मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा के बाद बने माहौल को पार्टी जन-जन तक पहुंचा रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी जुझारू क्षमता अभी तक मैदान में नहीं दिखा पा रहे हैं क्योंकि उन्हें नए सिरे से पूरे प्रदेश की तासीर समझना है।

राजनीतिक हालातो को पार्टी के पक्ष में कैसे लाया जाए इसके लिए कठिन परिश्रम करना है। उनका परिश्रम तभी कामयाब होगा जब पार्टी के वरिष्ठ नेता उनके साथ कदमताल करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह जैसे दिग्गज नेता जब तक मैदान में दम नहीं दिखाएंगे। कांग्रेस के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा यदि यह सब नेता लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरते हैं खुद चुनाव लड़ते हैं तो कार्यकर्ताओं का भी मनोबल बढ़ेगा और अपने साधनों और कार्यकर्ताओं की फौज की दम पर यह नेता टक्कर देते भी नजर आएंगे।

कुल मिलाकर विधानसभा चुनाव की हार के बाद जिस तरह से कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने पार्टी से किनारा कर लिया है न तो लोकसभा चुनाव की तैयारी में कोई रुचि दिखा रहे हैं और ना ही राहुल गांधी की न्याय यात्रा के प्रति कोई उत्सुकता दिखा रहे हैं। उससे कांग्रेस की कमजोरी नजर आ रही है। 7 फरवरी से होने वाले विधानसभा सत्र में भी यदि कांग्रेस अपनी दम नहीं दिखा पाए तो कांग्रेस कैसे माहौल बनाएगी। कैसे कार्यकर्ताओं को उत्साहित करेगी इसको लेकर कांग्रेस की रणनीतिकार चिंतन कर रहे हैं।

# नगर निगम के लिए भी नैतिकता तार-तार!

//हरिशंकर व्यास//

चंडीगढ़ नगर निगम के चुनाव में भाजपा ने जो किया वह राजनीति और संविधान दोनों की मर्यादा को तार तार करने वाला था। चंडीगढ़ में भाजपा का सात साल से मेयर था। तभी लाख टके का सवाल है कि आठवें साल भी भाजपा का ही मेयर बने, ऐसा क्यों जरूरी था। क्या 36 निर्वाचित और नौ मनोनीत सदस्यों वाले नगर निगम में भाजपा का मेयर नहीं बनता तो कोई आफत आ रही थी। सोचें, चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश है और केंद्र की ओर से नियुक्त प्रशासक के हाथ में वहां का प्रशासन है। सो सोचे, स्पष्ट रूप से केंद्र का शासन जिस प्रदेश में हो वहां छोटे से नगर निगम पर भी कब्जा करना किस मानसिकता का प्रतीक माना जाए। दिल्ली नगर निगम के चुनाव में हार जाने के बाद भी भाजपा ने कितनी तरह के उपाय किए थे कि आम आदमी पार्टी का मेयर नहीं बन पाए वह सबने देखा था। भाजपा ने एल्डरमैन नियुक्त कर दिए, उनको वोट देने का अधिकार दे दिया और प्रयास किया कि उसका मेयर बन जाए। कई बार मेयर का चुनाव इस वजह से टला और फिर अदालत के दखल देने के बाद एल्डरमैन चुनाव से बाहर रखे गए और आप का मेयर चुना गया। राजधानी दिल्ली में नगर निगम पर 10 साल भाजपा का नियंत्रण था। तभी वह हार के बाद भी निगम छोड़ना नहीं चाहती थी। जबकि दिल्ली में भी उप राज्यपाल के जरिए केंद्र का ही शासन चलता है।

फिर भी यह बात समझ में आती है कि दिल्ली नगर निगम बहुत बड़ा है। राजधानी है और इसका बजट भी बड़ा है। लेकिन चंडीगढ़ तो इतना छोटा शहर है, जहां दो राज्यों की राजधानी है और केंद्र का शासन है। फिर वहां के नगर निगम के लिए इतनी धांधली की क्या जरुरत थी। 36 सदस्यों के नगर निगम में भाजपा के 14, आम आदमी पार्टी के 13, कांग्रेस के सात और अकाली दल का एक सदस्य हैं। एक पदेन सदस्य चंडीगढ़ का सांसद होता है, जो कि भाजपा की किरण खेर हैं। सो, किरण खेर सहित भाजपा के 15 पार्षद थे, जबकि दूसरी ओर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के 20 पार्षद थे। पिछले चुनाव के बाद से दो बार मेयर के चुनाव हुए थे, जब कांग्रेस ने उसमें हिस्सा नहीं लिया था तो भाजपा जीत गई थी। लेकिन इस बार आप और कांग्रेस ने तालमेल कर लिया तो उनकी जीत पक्की होनी थी। लेकिन किसी हाल में अपना कब्जा बनाए रखने की सोच में भाजपा ने पहले तो अचानक चुनाव टलवा दिया। प्रशासन की ओर से चुनाव के दिन यानी 18 जनवरी को अचानक कह दिया गया कि चुनाव छह फरवरी को होगा। लेकिन कांग्रेस और आप हाई कोर्ट गए, जहां अदालत ने हर हाल में 30 जनवरी तक चुनाव कराने को कहा। जब चुनाव टालने और पार्षदों को तोड़ने का दांव नहीं चला तो भाजपा के नेता रहे अनिल मसीह को 30 जनवरी के चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर दिया गया। उनके सामने 36 सदस्यों ने वोट डाले और वे सबके वोट निकाल कर गिनने लगेऔर भाजपा को 16 और आप के उम्मीदवार को 20 वोट मिले। लेकिन उन्होंने आप और कांग्रेस के आठ वोट अवैध कर दिए। फिर चार वोट से भाजपा की जीत घोषित कर दी। एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे बैलेट पेपर पर पेन चलाते दिख रहे हैं। एक छोटे से नगर निगम के चुनाव को जीतने के लिए भाजपा ने संवैधानिक और राजनीतिक दोनों मर्यादा ताक पर रख दी। सबको दिख रहा है कि विपक्ष के वोट गलत तरीके से अवैध करके भाजपा जीती है। फिर भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा को जीत की बधाई दी। जिस पार्टी के पास देश की सत्ता है। जिस पार्टी की 17 राज्यों में अपनी या सहयोगी पार्टी के जरिए सरकार है। जो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है। वह पार्टी 36 सदस्यों के छोटे से नगर निगम का चुनाव जीतने के क्या इतनी बड़ी धांधली कर सकती है। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन भाजपा के लिए इतनी बड़ी चिंता का कारण बन गया है कि उसने दोनों को नगर निगम का चुनाव भी नहीं जीतने देने की कसम खा ली।

## तस्वीरों की दुनिया



कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने बेंगलुरु के राजभवन में न्यायमूर्ति पीएस दिनेश कुमार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई।



नई दिल्ली में न्याय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एआईसीसी कोषाध्यक्ष अजय माकन, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और अन्य।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देवघर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा की।



संबलपुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक।



गुलमर्ग में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी एक कार।




विशाखापत्तनम में नौसेना डॉकयार्ड में आईएनएस संधायक के कमीशनिंग समारोह के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के विधान भवन में यूपी विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने पहुंचे।



गोड्डा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक सार्वजनिकरैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

# दो दिवसीय यात्रा पर असम पहुंचे पीएम मोदी सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने किया भव्य स्वागत



गुवाहाटी, 04 फरवरी [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर गुवाहाटी पहुंचे। इस दौरान वह भाजपा की राज्य कोर समिति से मुलाकात करेंगे और लगभग 11,600 करोड़ रुपये की विकास परियोजना की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री शाम करीब साढ़े छह बजे ओडिशा से गुवाहाटी पहुंचे। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मोदी का स्वागत किया।

असम में उनका स्वागत करते हुए हिमंत ने उन्हें दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता, देश के विकास का ध्वजवाहक और असम तथा पूर्वोत्तर का सच्चा हितैषी बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, असम में प्रधानमंत्री मोदी जी के आगमन का स्वागत और जश्न मनाते हुए 1,00,000 दीये जलाने के लिए खानापारा में हजारों लोग इकट्ठा हुए।पीएम मोदी की यात्रा के दौरान जिन प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी उनमें कामाख्या मंदिर गलियारा, गुवाहाटी में नए हवाई अड्डे के टर्मिनल से छह लेन की सड़क, नेहरू स्टेडियम का उन्नयन और चंद्रपुर में एक नया खेल परिसर शामिल हैं।

### इमरान खान के करीबी शाह महमूद कुरैशी पांच साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव, ईसीपी ने अयोग्य किया घोषित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने इमरान खान को एक और झटका दिया है। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने शनिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नेता शाह महमूद कुरैशी को पांच साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। वे पांच साल तक चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।बता दें कि शाह महमूद कुरैशी, इमरान खान के करीबी नेता हैं। चुनाव आयोग ने पाकिस्तान में 8 फरवरी होने वाले आम चुनाव से पांच दिन पहले उन्हें अयोग्य घोषित किया है।ईसीपी के आदेश के अनुसार, 30 जनवरी को द स्टेट बनाम इमरान अहमद खान नियाजी और मखदूम शाह महमूद कुरैशी मामले में विशेष अदालत के न्यायाधीश के फैसले के परिणामस्वरूप पूर्व विदेश मंत्री को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। ईसीपी ने कहा कि शाह महमूद कुरैशी विभिन्न मामलों में दोषी पाए गए हैं, जिस वजह से अब उनके खिलाफ हमने कार्रवाई की है। आदेश में कहा गया है कि कुरैशी को पाकिस्तान संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के तहत अयोग्य करार दिया गया है।

## मौत की फर्जी खबर फैलाकर लोगों के निशाने पर आई पूनम पांडे, सोशल मीडिया पर खूब सुना रहे खरी-खोटी



मुंबई, 04 फरवरी [एजेंसी]।

मॉडल व अभिनेत्री पूनम पांडे जिंदा हैं। शनिवार को खुद पूनम ने अपना वीडियो साझा किया और कहा कि सर्विकल से उनकी मौत नहीं हुई है बल्कि कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से ऐसा किया गया यानी यह पब्लिसिटी स्टंट था। इस बीच मौत की फर्जी खबर पर सोशल मीडिया पर पूनम की खूब किरकिरी हो रही है।गुस्साए लोग उन्हें खूब ट्रोल कर रहे हैं और इसे हास्यास्पद और अपमानजनक बता रहे हैं। पूजा भट्ट, सारा खान, एली गोनी और राहुल वैद्य, शर्लिन चौपड़ा, राखी सावंत जैसी हस्तियों ने भी पूनम की इस हरकत की कड़ी आलोचना की। कुछ ने इसे बेशर्मी और असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा बताया।शुक्रवार को पूनम पांडे के मैनेजर ने उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से कैंसर से उनकी मौत होने की खबर दी थी। इस बीच शनिवार को पूनम ने अपना वीडियो शेयर कर मौत की अफवाह की खबर की वजह बताई। कहा- सर्विकल कैंसर से मेरी मौत नहीं हुई है, लेकिन इससे कई महिलाओं की जान जा चुकी है, जिन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सर्विकल कैंसर से कैसे बचाव किया जा सकता है।एचपीवी (ह्यूमन पपिल्लोमा वायरस) वैक्सीन और शुरुआती स्टेज में इसका परीक्षण कराने पर इससे बचाव किया जा सकता है। इस बीमारी से किसी की जान न जाए, इससे बचाव का उपाय हमारे पास है। आइए, साथ मिलकर इसके विनाशकारी प्रभाव को खत्म करने का प्रयास करें। इसी के साथ पूनम ने एक और वीडियो साझा किया, जिसमें वह इस अफवाह को फैलाने के लिए माफी मांग रही हैं। पूनम ने कहा कि उन्होंने सर्विकल कैंसर के लिए अवेयरनेस फैलाने के लिए अपनी मौत की झूठी खबर फैलाई। उन्होंने कहा कि सर्विकल कैंसर के बारे में जल्दी कोई बात नहीं करता। लोगों को जागरूक करने के लिए इस तरह का नाटक करना पड़ा।

जिन लोगों को मैंने ठेस पहुंचाई है, उनके लिए मैं माफी चाहती हूं।इससे पूर्व शुक्रवार को पूनम की मौत की खबर ने मनोरंजन जगत में हलचल मचा दी थी। उनके तमाम फैंस और सेलिब्रिटी फ्रेंड्स ने एक्ट्रेस की अचानक आई मौत की खबर पर दुख जताया था। लेकिन जैसे ही सच सामने आया, पूनम को इंटरनेट मीडिया यूजर्स ने आड़े हाथों लिया। अभिनेता कुशाल टंडन ने कहा- अपनी मौत की झूठी कहानी बनाना कितना मूर्खतापूर्ण और कितना लचर है। यह दुखद और चिंताजनक है।

## कांग्रेस विधायक विश्वासमत तक नहीं लौटेंगे बिहार, खरगे ने 16 विधायकों के साथ की बातचीत



पटना, 04 फरवरी [एजेंसी]।

बिहार विधानसभा में सरकार के विश्वासमत हासिल करने को लेकर कांग्रेस अपने विधायकों को दिल्ली में बुला ली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को दिल्ली पहुंचने वाले पार्टी के 16 विधायकों के साथ बात की।विश्वासमत के दौरान पार्टी को एकजुट रखने और किसी प्रकार की टूट से बचाने को लेकर बिहार के कांग्रेस विधायकों को प्रदेश से बाहर रखा जाएगा। कांग्रेस के विधायक बिहार विधानसभा के सत्र आरंभ होने के समय सीधे एयरपोर्ट से विधानसभा पहुंचेंगे। कांग्रेस वरिष्ठ नेता का कहना है कि आलाकमान द्वारा शनिवार को पार्टी के सभी विधायकों और विधान परिषद सदस्यों को बुलाया गया था। इस बैठक में पार्टी के तीन विधायक नहीं पहुंचे। दिल्ली में शनिवार को हुई बैठक में सम्मिलित नहीं होने वाले विधायकों में मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, विक्रम के विधायक सिद्धार्थ एवं अररिया के विधायक आबुदुरहमान के नाम हैं।आबुदुरहमान ने अररिया में अपनी पुत्री के ऑपरेशन के कारण नहीं पहुंचने का तर्क दिया। वहीं, सिद्धार्थ रविवार को दिल्ली पहुंच सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि शाम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने औपचारिक बात की। साथ ही सभी विधायकों को एकजुट रहने का मंत्र दिया।विधायकों के साथ वह रविवार को भी बैठक करेंगे। बताया जा रहा है कि रविवार को बैठक के बाद बिहार के कांग्रेस के सभी विधायकों को किसी अज्ञात जगह पर भेज दिया जाएगा। संभावना है कि कांग्रेस के विधायकों को शिमला भेजा जा सकता है।इसके बाद बिहार की बदली परिस्थिति में जिस दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एनडीए सरकार बहुमत का प्रस्ताव पेश करेगी उस दिन ही कांग्रेस के विधायक बिहार लौटेंगे। आलाकमान ने अपने विधायकों की लोकसभा चुनाव में सीटों की शेयरिंग को लेकर दिल्ली में बैठक बुलाई थी। अब कांग्रेस विधायकों को बाहर ही रोककर रखा जाएगा।

### नाश्ता नहीं मिलने पर नाबालिग बेटे ने की मां की हत्या, फिर पुलिस के सामने किया सरेंडर



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक नाबालिग लड़के ने नाश्ता नहीं मिलने पर अपनी मां की हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने खुद को थाने में जाकर सरेंडर किया। नाबालिग का कहना है उसकी मां अच्छे से उसकी देखभाल नहीं करती थी, जिस वजह से उसने मां की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि ये घटना केके पुरम की है, जहां शुक्रवार सुबह बहस के बाद एक नाबालिग लड़के ने 40 वर्षीय मां को मार दिया। पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई, जब घर पर कोई नहीं था।पुलिस के अनुसार, छात्र की उम्र 17 साल है और डिप्लोमा कर रहा है। उसने अपनी मां के सिर पर एक रॉड से हमला किया और फिर पुलिस स्टेशन जाकर सरेंडर कर दिया।पुलिस ने बताया कि पूछताछ में लड़के ने बताया कि उसकी मां उसकी अच्छे से देखभाल नहीं करती थी और न ही उसे ठीक से खाना देती थी। नाबालिग ने कहा कि शुक्रवार की सुबह जब वह कॉलेज के लिए निकल रहा था, तो उसकी मां ने उसे किसी बात पर डांटा, जिसके बाद उनके बीच बहस हुई। बहस के दौरान ही लड़के ने गुस्से में आकर एक रॉड से मां के सिर पर हमला कर दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। इस मामले पर पुलिस ने बताया कि फिलहाल लड़के के दावों की जांच की जाएगी। हमने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और लड़के को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, लड़के की बड़ी बहन जॉर्जिया में मेडिकल की पढ़ाई कर रही है।

## मुस्लिम दिव्यांग ने सुनाई मानस की चौपाई, सीएम योगी ने दी शाबाशी



गोरखपुर, 04 फरवरी [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार शाम यहां एक कार्यक्रम में उस समय भाव विभोर हो गए जब दृष्टिबाधित दिव्यांग मुस्लिम युवक ने उनको श्रीरामचरितमानस की चौपाई सुनाई। योगी ने आलम नाम के इस युवक की पीठ थपथपा कर शाबाशी दी। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की तरफ से राज्य स्तरीय तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी शनिवार को शुरू हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका उद्घाटन किया।इस दौरान दिव्यांगजन की प्रतिभा देख मुख्यमंत्री भावुक नजर आए। प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान एक स्टाल पर दृष्टिबाधित दिव्यांग आलम ने मुख्यमंत्री को श्रीरामचरितमानस की चौपाई सुनाई तो वह भाव विभोर हो गए।

कार्यक्रम के बाद जब योगी जाने को हुए तो एक दृष्टिबाधित दिव्यांग किशोर ने उन्हें गाना सुनाने की इच्छा जाहिर की। मुख्यमंत्री तुरंत रुक गए और उसका गाना सुनने के बाद ही गए।

### बस्तर में सनातन धर्म में लौटे 81 मतांतरित आदिवासी ईसाई समुदाय के लोगों ने कराया था मतांतरण

**जगदलपुर 4 फरवरी।** मतांतरण विरोधी अभियान को छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में बड़ी सफलता मिली है। लोहंडीगुड़ा ब्लाक के कस्तूरपाल में पूर्व में ईसाई बने 16 परिवार के 81 लोगों ने सनातन धर्म में वापसी कर ली है। सभी करटामी माडिया जनजाति के हैं।गांव के पुजारी व सरपंच की उपस्थिति में उक्त सभी ने विधिवत अनुष्ठान कर जल, थल, नभ, प्रकृति व देवी-देवताओं को साक्षी मानकर सनातन धर्म में वापसी की है। मूलधर्म में लौट चुके नानी ने बताया कि तीन वर्ष पहले उनके परिवार के कुछ लोग बीमार हो गए थे, तब ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रार्थना से ठीक होने की बात कहकर पूरे परिवार का मतांतरण करवाया था।मतांतरण के विरुद्ध अभियान चला रहे बस्तर संस्कृति सुरक्षा मंच के संभागीय संयोजक महेश कश्यप ने बताया कि नारायणपुर से दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर तक जागरण यात्रा निकाली गई थी।


### लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान दिए जाने पर शरद पवार ने जताई खुशी, बोले- देश के विकास में उनका बहुमूल्य योगदान



पुणे, 04 फरवरी ।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने के केंद्र सरकार के फैसले पर खुशी जताई। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री और वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर खुशी है। उन्होंने देश के विकास में बहुमूल्य योगदान दिया है। हार्दिक बधाई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी लालकृष्ण आडवाणी को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, भारत रत्न पुरस्कार की घोषणा पर वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी जी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामना। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वह हमेशा स्वस्थ रहें और दीर्घायु हों। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा, देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित होने पर लालकृष्ण आडवाणी जी को बधाई। आडवाणी जी ने देश के लिए असाधारण योगदान दिया है। एएनआई के अनुसार कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के बाद तंज कसते हुए कहा कि आडवाणी ने 2002 में मोदी जी को बचाया था।

## अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हाउती के 36 ठिकानों को बनाया निशाना, ईरान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ जारी है कार्रवाई



**वाशिंगटन।** अमेरिका और ब्रिटेन ने शनिवार को यमन में हाउती के ठिकानों को निशाना बनाया। हाउती के कम से कम 36 ठिकानों पर हमले किए गए। इन हमलों का उद्देश्य ईरान समर्थित समूहों को खत्म कमजोर करना है।

हाउती के खिलाफ नवीनतम हमले जहाजों और लड़ाकू विमानों द्वारा शुरू किए गए। ये हमले शुक्रवार को इराक और सीरिया में हुए हवाई हमले के बाद हुए हैं, जिसमें ईरानी समर्थित मिलिशिया और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड को निशाना बनाया गया था।

इससे पहले पिछले सप्ताह जॉर्डन में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे, जिसके बाद अमेरिका लगातार इन समूहों को निशाना बना रहा है।अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि हाउती के कई ठिकाने निशाना पर थे, जिन पर यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर विमानवाहक पोत के यू.एस. एफ/ए-18 लड़ाकू विमानों और लाल सागर से टॉमहॉक मिसाइलें दागने वाले अमेरिकी युद्धपोतों द्वारा हमला किया गया है।

### एनआईटी गोवा के स्थायी परिसर का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की सहायता से पूरा हुआ निर्माण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी)-गोवा के स्थायी परिसर का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम के जरिये होगा। साल 2010 में एनआईटी गोवा ने पोंडा के फार्मागुडी स्थित गोवा इंजीनियरिंग कालेज स्थित अपने पारगमन (ट्रांसिट) परिसर में काम करना शुरू किया था।शिक्षा मंत्रालय की सहायता से साल 2023 में दक्षिण गोवा स्थित कुनकोलिम में संस्थान के अपने परिसर का निर्माण कार्य पूरा हुआ। स्थायी परिसर के लिए गोवा सरकार ने जुलाई 2017 में कुनकोलिम गांव में 113 एकड़ भूमि हस्तांतरित की थी।

## नोबेल पुरस्कार विजेता मोर्टन मेल्डल ने पश्चिमी देशों को दी भारत से सीखने की नसीहत, यहां के रिसर्च फंडिंग इकोसिस्टम की तारीफ की



नईदिल्ली, 04 फरवरी [एजेंसी]।

नोबेल पुरस्कार विजेता मोर्टन मेल्डल ने भारत के रिसर्च फंडिंग इकोसिस्टम की तारीफ करते हुए पश्चिमी देशों को भारत से सीखने की नसीहत दी है। वर्ष 2022 में रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले मेल्डेल इस समय भारत दौरे पर आए हुए हैं।

मेल्डल ने एक साक्षात्कार में कहा, भारत में रिसर्च फंडिंग इकोसिस्टम में वित्तीय मदद और अन्य सुविधाएं देने में बायोटेक्नोलाजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंट काउंसिल (बीआईआरएसी) की अहम भूमिका है। पश्चिमी देशों को भी भारत से सीखना चाहिए। पश्चिमी देशों में फंडिंग एजेंसी स्वतंत्र तौर पर काम करती हैं। उनमें बहुत अच्छा समन्वय नहीं है। मेल्डेल ने शुक्रवार को बीआईआरएसी का दौरा किया था। बीआईआरएसी जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के तहत सरकारी उद्यम है। यह अकादमिक संस्थानों और इंडस्ट्री के बीच पुल के रूप में काम करता है।

मेल्डल ने कहा, बीआईआरएसी भारत में नवाचार का संगठन है। यह कमाल का है। इसकी वजह से नवाचार की प्रक्रिया में बहुत सुविधा हुई है। शुक्रवार को मेल्डल ने केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह से मुलाकात की और फार्मास्यूटिकल्स में द्विपक्षीय सहयोग और स्कूली बच्चों के बीच रसायन विज्ञान अध्ययन को बढ़ावा देने पर चर्चा की थी।

### सोरेन का गिरफ्तारी को चैलेंज... याचिका पर हाई कोर्ट पांच फरवरी को करेगा सुनवाई



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दायर याचिका पर 5 फरवरी को सुनवाई निर्धारित की है। सोरेन ने कथित भूमि घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। इससे पहले, कथित भूमि घोटाला मामले में शुक्रवार को उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया था।कथित भूमि घोटाला मामले में कई समन जारी किए जाने और बुधवार रात कई घंटों की पूछताछ के बाद ईडी ने झामुमो प्रमुख को गिरफ्तार कर लिया। इस बीच झारखंड में सियासी उठापटक के बीच चंपई सोरेन ने शुक्रवार को रांची के राजभवन में झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।पूर्व मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, लेकिन अदालत ने उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें भूमि सौदा मामले में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी और उन्हें अपनी याचिका के साथ संबंधित उच्च न्यायालय में जाने के लिए कहा गया था।

# 25 हजार का इनामी बदमाश विनय वर्मा पुलिस मुठभेड़ में ढेर दारोगा की पिस्टल छीन किया था हमला, एक जवान भी घायल

मेरठ, 04 फरवरी [एजेंसी]।

चौकी इंचार्ज को गोली मारने वाले 25 हजार के इनामी विनय वर्मा को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया।पुलिस विनय को गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद करने के लिए जंगेठी के जंगल में ले गई थी। वहां उसने झाड़ी से पिस्टल निकालकर सिपाही के हाथ में गोली मार दी। जवाबी फायरिंग में विनय मारा गया। इसके एक साथी नरेश सागर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।22 जनवरी की रात बदमाशों ने कंकरखेड़ा के खिर्वा रोड पर एचआर गार्डन के पास खुर्जा निवासी सोनू से उसकी सेंट्रो कार लूट ली थी। हाईवे चौकी प्रभारी मुन्नेश सिंह कसाना ने पुलिसकर्मियों एवं सोन के साथ सूमो गाड़ी से बदमाशों का पीछा किया। जीपीएस से पता चलने पर सेंट्रो श्रद्धापुरी फेज दो के पीछे लाला मोहम्मदपुर नाले पर खड़ी दिखी। पुलिस ने यहां एक बदमाश को पकड़ लिया। तभी बदमाशों ने एक गोली चौकी प्रभारी के सीने में मार दी। उपचार के बाद मुन्नेश अब ठीक हैं।12 दिन बाद पुलिस ने शनिवार शाम को गोली मारने वाले विनय वर्मा निवासी जस्सू मोहल्ला कंकरखेड़ा व नरेश सागर निवासी माधवपुरम को गिरफ्तार किया था। इनका एक साथी अनुज निवासी सैनिक विहार फरार है। पुलिस शाम करीब सात बजे विनय को लेकर पिस्टल बरामद कराने जंगेठी के जंगल में गई थी।विनय से जिस 32 बोर के पिस्टल से दारोगा को गोली मारी थी वह झाड़ी से निकाली और फायर कर दिया। पुलिस ने घेराबंदी की। गन्ने के खेत में कांबिंग करते समय विनय ने फिर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली विनय को लग गई।




खून से लथपथ विनय को पुलिस पहले सीएचसी और फिर जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी। सिपाही सुमित कैलाशी अस्पताल में भर्ती है। कार लूट के दौरान दारोगा को गोली मारने वाले बदमाश ने पिस्टल बरामद करते समय सिपाही पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश को गोली लग गई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया।

# किसानों, युवाओं और महिलाओ के लिए बजट में कुछ भी नहीं

**कोरिया/बैकुंठपुर।** युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजीव कुमार सिंह काजू ने कहा है कि वित्त मंत्री द्वारा केंद्र की मोदी सरकार का लोकसभा चुनाव के ठीक पहले का आखिरी अंतिम बजट पेश किया गया,इस बजट से देश की आम जनता किसान,गरीब मजदूर,महिला और युवा वर्ग एक उम्मीद और एक आस लेकर बैठा था, कि इस बजट में उनके लिए कुछ खास होगा। परंतु हर वर्ग पूरी तरह से हताश और निराशा है,क्योंकि वित्त मंत्रालय द्वारा पेश किए गए इस अंतरिम बजट का पिटारा पूरी तरह खाली है,किसी के हाथ कुछ भी नहीं लगा देश का बजट सिर्फ आय और व्यय का ब्योंरा नहीं होता,बल्कि यह वर्तमान सरकार का एक पॉलिसी डॉक्यूमेंट होता है,सरकार आने वाले दिनों में देश की आम जनता के जेब में किस प्रकार पैसा डालने का काम करेगी और उनके हितों के लिए किस प्रकार के निर्णय लेगी एवं योजनाएं बनाएंगे इसका स्पष्ट आईना

### ठगा महसूस कर रही जनता!



होती है,परंतु केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया यह अंतरिम बजट पूरी तरह दिशा विहीन उद्देश्य,विभिन्न और बिना रोड मैप का बजट है,जिस देश की आम जनता को कोई फायदा नहीं पहुंचने वाला।

संजीव सिंह काजू ने आगे कहा कि एक तरफ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इनकम टैक्स कलेक्शन में तीन गुना वृद्धि हुई है,परंतु देश की आम जनता को सीधा फायदा पहुंचाने के लिए आयकर छूट की फीस में 1 की भी वृद्धि नहीं की गई,देश की आम जनता व्यापारी, नौकरी पैसा,देश की महिला और युवा वर्ग आस लगाए बैठा था की इनकम टैक्स के लिमिट बढ़ाने से उनका सीधा फायदा पहुंचेगा,परंतु केंद्र की मोदी सरकार ने फिर उनको निराश किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत 30 से 40प्रतिशत कम होने के बाद भी देश की आम जनता को ? 1 की भी राहत पेट्रोल और डीजल में नहीं दी गई है,इन 10 सालों में केंद्र सरकार द्वारा देश की आम जनता से पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज के रूप में 36 लाख करोड रुपए की वसूली की गई 2014 की तुलना में वर्तमान में क्रूड ऑयल लगभग आधे दाम पर था,लेकिन मोदी सरकार के मुनाफाखोरी के चलते आम जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है,पेट्रोलियम उत्पाद पर सेंट्रल एक्साईज में रियायत का कोई प्रावधान नहीं इस बजट में कुछ भी नहीं है, सभी जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे मनरेगा, उर्वरक सब्सिडी, खाद्य सब्सिडी पेट्रोलियम सब्सिडी के बजट में लगातार कमी।

## दो युवकों से मध्यप्रदेश का शराब जब्त

**अंबिकापुर।** संभागीय उड़नदस्ता सरगुजा एवं जिला सूरजपुर आबकारी टीम की संयुक्त कार्रवाई में मध्य प्रदेश की 164 पाव शराब के साथ दो आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। आबकारी टीम को सूचना मिली थी कि सूरजपुर के चौकी रेवटी ग्राम गोविंदपुर निवासी अनिल जायसवाल एवं सुरेश जायसवाल अपने घर में मध्य प्रदेश का शराब रखकर बिक्री कर रहे हैं। मुखबीर की सूचना की विश्वसनीयता पर संभागीय उड़नदस्ता संभाग सरगुजा एवं जिला आबकारी टीम सूरजपुर ने टीम बनाकर अनिल जायसवाल एवं सुरेश जयसवाल के घर दबिश दी। अनिल जायसवाल के घर से मध्यप्रदेश की 69 पाव तथा सुरेश जयसवाल के घर से मध्यप्रदेश की 95 पाव शराब जप्त की गई। उक्त दोनों आरोपितों को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया गया।

## वृद्धा पर प्राणघातक हमला का आरोपित गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** करीब एक माह पूर्व सोहागपुर गांव में पड़ोसी में रहने वाली वृद्ध महिला रिश्तेदार के सिर पर लोहे के एंगल से प्राणघातक हमला करने के मामले में करंजी पुलिस ने डाक्टरी रिपोर्ट के आधार पर मारपीट की धारा में धारा 307 जोड़कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना 31 दिसंबर की है। बता दे कि करंजी चौकी क्षेत्र के ग्राम सोहागपुर में रामबाई पति स्वर्गीय गोपीराम जायसवाल 80 वर्ष घर मे आग ताप रही थी।

इस दौरान पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी रिश्तेदार सत्यम उर्फ यज्ञ नारायण पिता परुषोत्तम जायसवाल 22 वर्ष ने लोहे के एंगल से वृद्ध महिला रामबाई के सिर एवं चेहरे पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमले में बेहोश वृद्ध महिला को मिशन हॉस्पिटल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था। मामले में करंजी पुलिस ने आरोपित सत्यम उर्फ यज्ञ नारायण के विरुद्ध धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर लिया था। डाक्टरी रिपोर्ट में घटना की प्रवृत्ति गंभीर होने के कारण करंजी पुलिस ने मामले में धारा 307 की धारा जोड़कर आरोपित सत्यम उर्फ यज्ञ नारायण को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में सूरजपुर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में करंजी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता एवं उनकी टीम सक्रिय रही।

## अपहरण व दुष्कर्म के आरोपित को 20 वर्ष कारावास

**अंबिकापुर।** लगभग चार वर्ष पूर्व अंबिकापुर शहर से नाबालिग को भगा ले जा दुष्कर्म करने के आरोप पर अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट (पाक्सो एक्ट) पूजा जायसवाल के न्यायालय ने आरोपित सुनील टोप्पो (24) को 20 वर्ष कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं होने पर आरोपित को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आरोपित झारखंड के गढ़वा जिले के भंडरिया थाना अंतर्गत ग्राम बिंजपुर का रहने वाला है। पीड़िता को उसने अंबिकापुर से ले जाकर 10 दिनों तक साथ रखा था। इस दौरान विवाह के लिए जान से मारने की धमकी और दुष्कर्म किया था। अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश सिन्हा ने बताया कि घटना 29 अक्टूबर 2019 की है। पीड़िता बस से अंबिकापुर स्थित घर आने के लिए एक चौराहे पर उतरी थी। इस दौरान आरोपित उसे झांसा देकर अपने साथ ले गया था। बीते तीन नवंबर 2019 को इस घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जांच के बाद पीड़िता को बरामद कर आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी की गई थी। न्यायालय के आदेश पर आरोपित को जेल दाखिल करने के बाद पुलिस ने प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया था।अपर सत्र न्यायाधीश पूजा जायसवाल के न्यायालय ने प्रकरण के सारे तथ्यों की सुनवाई और पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपित को अपहरण, दुष्कर्म तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। अधिकतम सजा 20 वर्ष की दी गई है। इस मामले में न्यायालय ने राज्य शासन की योजना के अनुरूप पीड़िता को चार लाख रुपये क्षतिपूर्ति प्रदान करने का भी आदेश दिया है। सामान्यत: यह देखने में आ रहा है कि आजकल नाबालिक बालिकाओ के साथ व्यपहरण एवं दुष्कर्म की घटनाएं बढती जा रही है। ऐसा अपराध पूरे समाज के खिलाफ है।

## गोबर स्टिक बनाने 3 साल पहले एसएलआरएम सेंटर में लगी मशीन बंद पड़ी

**कोरिया/बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के नगर पालिका ने गोबर स्टिक बनाने 3 साल पहले एसएलआरएम सेंटर में मशीन लगाया था, लेकिन इसका उपयोग नहीं हो रहा है। प्लास्टिक वेस्ट कंप्रेस मशीन भी बंद पड़ी है। दरअसल नपा ने गोठान और एसएलआरएम सेंटर एक ही परिसर में स्थापित कर दिया है जिससे दोनों ही कार्य प्रभावित हो रहे हैं। गोबर का इस्तेमाल फिलहाल खाद बनाने के लिए किया जा रहा है।

तलवापारा में गेज नदी के किनारे शहरी गोठान और एसएलआरएम सेंटर एक ही परिसर में चल रहे हैं। एसएलआरएम सेंटर में मवेशियों को रखे जाने से गोबर स्टिक बनना बंद हो गया है क्योंकि परिसर में स्टिक सूखाने के लिए जगह नहीं है। ऐसे में शहर में इसके खरीदार ना के बराबर हैं। जिले के ग्रामीण इलाकों में ईंधन के रूप में गोबर के कंडो से अधिक लकड़ी का उपयोग हो रहा है। शहर में संचालित होटलों में भट्?ठे के लिए लकड़ी और कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है। मशीन लगाते वक्त नगर पालिका ने गोबर स्टिक के फायदे गिनाए थे लेकिन अब अधिकारी इसे शुरू करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। जबकि शहरी क्षेत्र के होटल, ढाबों में कोयला न जले इसकी जिम्मेदारी भी नगरीय निकायों को सौंपी गई थी पर अधिकारी ढाबों में जलने वाले चोरी के कोयले पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। गोबर स्टिक का मुख्य उद्देश्य लकड़ी खपत कम करना था जिससे पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचे। वहीं गोबर स्टिक लकड़ी की तुलना में सस्ते हैं। कंपोस्ट सेंटर



के कर्मचारियों का कहना है कि मवेशियों की वजह से गोबर स्टिक नहीं बना पा रहे हैं क्योंकि गोठान में मवेशी खुले रहते हैं। गोबर स्टिक को सूखाने के लिए धूप में रखना पड़ता है जिसे मवेशी बर्बाद कर देते हैं।

**सख्ती से करना होगा लागू नहीं तो विकल्प बेकार हो जाएगा**

यदि ईंधन के रूप में लकड़ी के बजाए गोबर स्टिक तैयार हो रहा है तो लकड़ी के उपयोग पर सख्ती से पाबंदी लगाई जानी चाहिए। तभी लोग गोबर स्टिक का उपयोग करेंगे। गोबर स्टिक से धुआं कम होगा और लोगों का खर्च बचेगा। सबसे बड़ी बात इससे पर्यावरण को नुकसान नहीं होगा और पेड़ों की कटाई कम होगी। यदि इस पर सख्ती नहीं बरती गई तो यह बेहतर विकल्प बेकार हो जाएगा।

**प्लास्टिक वेस्ट कंप्रेस मशीन भी बंद**

प्लास्टिक कचरे को कम्प्रेस कर इसका बंडल बनाने के लिए सेंटर में रखी मशीन इस्तेमाल नहीं होने से कबाड़ हो रही है। प्लास्टिक कचरे के ढेर को कर्मचारियों ने बिना कम्प्रेस किये शेड में ढेर लगा दिया है। ऐसे में गोठान के मवेशी प्लास्टिक कचरा खाकर बीमार हो सकते हैं। प्लास्टिक कचरा खाने से मवेशियों में गंभीर बीमारी होने का खतरा रहता है। ऐसे में सवाल है कि नपा गोठान को अलग क्यों नहीं शिफ्ट करती है।




**मुक्तिधाम में भी गौकाष्ट की सप्लाई नहीं**

शहर में जिस स्थान पर गोबर स्टिक बनाया जा रहा था, वहां से मुक्तिधाम की दूरी महज 6 किमी है, लेकिन शवदाह के लिए भी गोबर स्टिक नहीं भिजवाई गई। लकड़ी उपलब्ध होने के कारण किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। शवदाह में भी भारी मात्रा में लकड़ी का उपयोग होता है।

## जमीन बंटवारा को लेकर छोटे भाई की हत्या,आरोपित गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** जमीन बंटवारा को लेकर उपजे विवाद में घर में घुसकर छोटे भाई की हत्या करने के आरोप पर पुलिस ने ग्राम कुदर निवासी रविनाथ को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित रविनाथ ने भाई सखाराम की हत्या कर दी थी। ग्राम कुदर निवासी सखा राम गोड़ बीते 30 दिसंबर की रात अपने भाई रविनाथ के घर खाना खाने के लिए गया हुआ था। रात में अपने घर आकर सो रहा था। रात में उसका बड़ा भाई रविनाथ घर के दरवाजे कों धक्का मारकर खोला और घर मे घुसकर टांगी से प्राणघातक वार कर दिया जिससे मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपित भाग निकला था। घटना की सूचना मृतक के पुत्र साकिम गोंड ने थाने में दी थी। पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने आरोपित को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे।पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपित रविनाथ गोड़ (60) को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ किये जाने पर जमीन बटवारा की बात कों लेकर वाद विवाद होने पर आवेश मे आकर प्राणघातक वार कर हत्या कारित किया जाना स्वीकार किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी लुन्ड्रा उप निरीक्षक सम्पत राम पोटाई, सहायक उप निरीक्षक चंद्रप्रकाश केरकेट्टा,प्रधान आरक्षक नामूल राम, आरक्षक हेमंत लकड़ा,जगेश्वर तिर्की, बीरेंद्र खलखो, अनिल बड़ा शामिल रहे।

## कुष्ठ मुक्त जिला बनाने मनाया जा रहा पखवाड़ा

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकासखण्डों में 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। एक समय में कुष्ठ रोग को लेकर जनमानस में कई प्रकार की भ्रांतिया थी, कुष्ठ संक्रमित से भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया जाता था। कुष्ठ रोग लाईलाज माना जाता था, लेकिन चिकित्सा विज्ञान की लगातार अनुसंधान के बाद इस बीमारी का ईलाज खोज लिया। जिससे यह बीमारी लाइलाज नहीं रह गई है। नियमित उपचार व दवाइयों के सेवन से व्यक्ति पूर्ण रूप से ठीक हो रहे हैं। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 30 जनवरी 2024 को महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में 02 मिनट का मौन रख कुष्ठ के प्रति लोगों के द्वारा भेदभाव न रखने हेतु कुष्ठ प्रतिज्ञा कराया गया। साथ ही लोगों मे जनजागरूता के लिए 13 फरवरी 2024 तक कुष्ठ पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिससे समस्त विकासखण्डों में जनजागरूकता संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया की पूर्व में कुष्ठ रोग अषिक्षा, अंधविष्वास और बीमारी को छिपाने के कारण फैलता था, लेकिन अब लोगों में जागरूकता आ रही है और कुष्ठ रोगी अपना ईलाज कराकर रोग से मुक्त हो रहे है। आजादी के अमृत महोत्सव पर भारत में कुष्ठ मुक्त की ओर थीम लेकर जिले में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम पंचायतों व ग्राम सभा में बैठक कर मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता व विभाग द्वारा कुष्ठ प्रभावित के साथ मित्रवत व्यवहार, भेदभाव को दूर करने कुष्ठ मुक्त समाज की स्थापना के लिए दवाइयों का नियमित सेवन एवं जल्द जांच व समय पर इलाज से विकलांगता से बचाव आदि के लिए लोगों को प्रेरित कर रहें है। चमडी पर सुन्नपन दाग, तेलियां, तामिया चमक वाले दाग-धब्बे कुष्ठ हो सकते है, ऐसे लक्षण यदि हो तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच करायें, मुफ्त उपचार पाकर रोग से पूर्ण रूप से ठीक हो जायेगें।

## जिला प्रशासन और पुलिस की सक्रियता से महाराष्ट्र में बंधक बने चार श्रमिकों की वापसी

**सूरजपुर।** महाराष्ट्र के ठाणे में बंधक बने चार श्रमिक रविवार को रायपुर पहुंच जाएंगे। सूरजपुर जिला प्रशासन ने श्रमिकों को वापस लाने में पहल की। सोमवार को सभी श्रमिक अपने गांव वापस लौट जाएंगे। श्रमिकों के स्वजन से मिली जानकारी तथा भाग कर पहुंचे श्रमिक से चर्चा के आधार पर खबर का प्रकाशन किया था। खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन ने त्वरित पहल की।

सूरजपुर जिला प्रशासन की पहल से महाराष्ट्र के ठाणे जिला में कल्याण के पास स्थित मुरबाड़ गांव से सूरजपुर जिले के चार बंधकों को सफलता पूर्वक मुक्त कर लिया गया है। सूरजपुर के भैयाथान विकासखंड के गांव सांवारवां और परसिया के चार ग्रामीणों को बेहतर आजीविका का प्रलोभन देकर बोरवेल कंपनी रॉक ड्रिलर द्वारा महाराष्ट्र के मुरबाड़ गांव में बंधक बनाकर कार्य लिया जा रहा था। आरोप है कि चार महीने से उन्हें वहां बंधक बनाकर रखा गया था। इसकी सूचना कलेक्टर रोहित व्यास को मिलने पर श्रम विभाग और पुलिस को अग्रिम पहल करने का निर्देश दिया था। श्रम विभाग ने प्रकरण की पूरी जानकारी पुलिस को मुहैया कराई। इसके पश्चात पुलिस विभाग ने भी तत्परता के साथ अग्रिम कार्रवाई की। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सक्रिय रूप बंधकों को छुड़वाने के लिए प्रति सार्थक कदम उठा रहा था। जिसमें महाराष्ट्र के जिला ठाणे के कलेक्टर अशोक सिंगारे और एडिशनल



ट्राईबल कमिश्नर दीपक कुमार के सहयोग से भैयाथान के बंधवा मजदूरों को मुक्त कराया गया। इसके साथ ही बंधक बनाने वाले सभी षड्यंत्र कारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 504,34 व बंधक श्रमिक अधिनियम के तहत 16,17,18 और बाल श्रमिक प्रतिबंध एवं विनियमन की धारा 14 के तहत अपराध कायम कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। भैयाथान के ग्राम सावंरावां के इंद्रपाल, विकेश और ग्राम परसिया के बादल व मनबोध रविवार को ठाणे रेलवे स्टेशन से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं और सोमवार तक अपने परिवार के पास सकुशल पहुँच जाएंगे।

## राजिम कुंभ की लौटेगी भव्यता, देशभर के साधु संत शामिल होंगे: बृजमोहन

**रायपुर।** राजिम के त्रिवेणी संगम पर 24 फरवरी से 8 मार्च तक भव्य राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजिम कुंभ के आयोजन को लेकर आज राजिम में गरियाबंद, रायपुर और धमतरी जिले के अधिकारियों की बैठक में कहा कि राजिम कुंभ कल्प का आयोजन पूरी भव्यता के साथ करने के लिए सभी विभागों को 7 दिवस के भीतर कार्य योजना तैयार करें।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प का आयोजन के दौरान तीन पुण्य स्नान होंगे। देशभर से बड़ी संख्या में नागा साधु संत भी कुंभ में आयेंगे। उन्होंने कहा कि पांच साल बाद राजिम कुंभ की भव्यता लौट रही है इसलिए यहां विश्वस्तरीय साधु संतों बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री एवं सिहोर के पंडित प्रदीप मिश्रा भी आयेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य मंच के अलावा स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए एक अलग मंच बनाने के निर्देश दिए जिसमे सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यक्रम चलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने आम नागरिकों से राजिम कुंभ कल्प को भी रामोत्सव के रूप में मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्षों बाद अयोध्या में राम लला की घर वापसी हुई है। इसको पूरे देशभर में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। एक बार फिर राजिम कुंभ कल्प का आयोजन पूरी भव्यता के साथ होने जा रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने लोक निर्माण के अधिकारियों को राजिम के आसपास के सभी सड़को की मरम्मत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को लाइटिंग, ट्रांसफार्मर, जेनरेटर की व्यवस्था, सजावट, पुल पुलिया में रोशनी आदि की व्यवस्था, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ आयोजन स्थल पर लगभग 300 शौचालय बनाने कहा। वन विभाग को यज्ञशाला तथा बेरिकेंटिग आदि के लिए लकड़ी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पर्यटन एवं संस्कृति श्री अग्रवाल ने बैठक में जिलों के परिवहन विभाग को समन्वय कर राजिम की ओर सभी दिशाओं से लगभग 100 बस अलग अलग टाइमिंग में रात 2 बजे तक चलाने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग को 100 से अधिक संख्या में दाल भात केंद्र संचालित करने कहा।

स्वास्थ्य विभाग को 24 घंटे चिकित्सा व्यवस्था के लिए चिकित्सक और एंबुलेंस, गृह विभाग के पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था यातायात सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जवानों की तैनाती, फायर ब्रिगेड सहित अन्य सभी आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक रोहित साहू, जनक ध्रुव, इंद्र कुमार साहू, पूर्व विधायक चंद्र शेखर साहू, पूर्व सासंद चंदू लाल साहू सहित कमिश्नर डॉ संजय अलंग, गरियाबंद, धमतरी जिलों के कलेक्टर, गृह विभाग और पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

## खेलों के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : वर्मा

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज मुंगेली जिले के विकासखंड पथरिया के मदकुदीप में 03 और 04 फरवरी को आयोजित होने वाले कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री श्री वर्मा का स्वागत किया गया। मंत्री श्री वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सिक्का उछालकर खेल प्रारंभ किया। आज के प्रथम मैच महिला वर्ग में ग्राम खैरी विरुद्ध नयापारा के मध्य खेला गया, जिसमें खैरी की टीम ने 20-10 से जीत हासिल की। वहीं दूसरा मैच बेलखुरी विरुद्ध परसदा के मध्य खेला गया, जिसमें बेलखुरी की टीम ने 13-08 से विजय प्राप्त किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री वर्मा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकु के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता एक बेहतरीन मंच है।

## ग्राम सचिवों,रोजगार सहायकों की बैठक लेकर सीईओ ने की समीक्षा

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसकी राज्य स्तर से निरंतर समीक्षा हो रही है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में लगातार जिला स्तर से योजना की समीक्षा हो रही है।

सुबह व शाम दो पालियों में सभी अधिकारी कर्मचारियों का जनपद सीईओ द्वारा बैठक लिया जा रहा है। शाम को जिले से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा ली जा रही है। इससे प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में तेजी आई है। किंतु जनपद पंचायत सूरजपुर की प्रगति अपेक्षाकृत खराब रही है। जिससे जिला पंचायत के सभा कक्ष में जनपद के सभी ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के साथ समस्त अधिकारी कर्मचारी से योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने सभी को निर्देशित किया है कि 15 मार्च 2024 तक सभी लंबित आवासों को पूर्ण किया जाना है। जिसके परिपालन में सूरजपुर जनपद की प्रगति बहुत निराशाजनक है। ओडगी एवं प्रेमनगर जैसे जनपदों ने 26 जनवरी टारगेट पूर्ण कर लिए है, लेकिन आपका टारगेट अभी तक लंबित है। कई ग्राम पंचायत सचिव अनुपस्थित रहें व संतोषजनक जवाब प्रस्तुत ना करने वाले सचिवों, रोजगार सहायक को कारण बताओ सूचना जारी करने उपरांत निलंबन व वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उक्त समीक्षा बैठक में जिला समन्वयक दीपक साहू, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिक सेवा विमल सिंह, पीओ नरेगा ओम तिवारी, प्रोग्रामर पंकज कुशवाहा, बीसी आवास योजना विकास सिन्हा, आनंदिता गुहा, समस्त नरेगा टीए, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहें।

## स्वास्थ्य मंत्री ने ली समीक्षा बैठक

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महानदी भवन मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने अधिकारियों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य में आयुष्मान भारत के योजना के अंतर्गत अनुबंधित अस्पतालों की सतत् मॉनिटरिंग की जाए। जिसके लिए राज्य नोडल एजेंसी के स्तर पर रिक्त प्रशासकीय एवं तकनीकी पदों की भर्ती शीघ्र किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने बैठक में कहा कि जिन अस्पतालों द्वारा योजना के विपरीत मरीजों से अतिरिक्त राशि लिए जाने की अथवा अन्य अनियमितता संबंधी शिकायते प्राप्त होती है, उनकी नियमानुसार जांच कर सख्ती से कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिया है कि योजना के अंतर्गत उपचार लेने वाले मरीजों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव सुश्री रेणु पिल्ले, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी, एमडी एनएचएम डॉ. जगदीश सोनकर।

# चौक-चौराहों में गुण्डे मवालियों का निकाला जायेगा जुलूस

## पुलिस सायरन बजाने वालों पर रहेगी नजर



**कोरबा।** जिले के पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला के द्वारा गुण्डे, मवालियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़े किये गये सख्त तेवर के कारण पुलिस ने विशेष अभियान के तहत ऐसे लोगों को मौके पर ही जुलूस निकालकर उन्हें सबक सिखाना शुरू कर दिया है। जिसके परिणाम स्वरूप ऐसे तत्वों के अंदर खौफ समाने लगा है।

**वाहन किये जायेंगे जब्त**

विगत 21 जनवरी को शहर के सुनालिया चौक पर राताखार निवासी इरफान नामक युवक को साईड देने के नाम पर पुलिस का प्रेशर सायरन बजाते हुए बोलेरो क्रमांक सीजी-12 बीके 5855 में आ रहे मुड़ापार निवासी अमर पर भी पिता खुर्शिद आलम एमपीनगर निवासी विजय जासूजा पिता चंद कुमार जासूजा एवं राहुल पटेल पिता राकेश पटेल निवासी सुभाष ब्लाक एवं उसके एक अन्य साथी द्वारा साइड नहीं दिये जाने पर उसके साथ मारपीट कर घटना स्थल से भाग निकले थे। इस घटना की वीडियो भी वायरल हुई थी, जिसके आधार पर एसपी के द्वारा संज्ञान लेते हुए ऐसे तत्वों के विरूद्ध सख्त रूख अपनाते हुए अपने मातहतों को मवालियों का जुलूस निकालकर जिस घटना स्थल पर वारदात किये है वहीं ले जाकर उन्हें सबक सिखाये जाने का निर्देश मिला था, जिसके परिणाम स्वरूप कोतवाली टीआई अभिनव कांत सिंह, एएसआई अजय सिंह ठाकुर, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, रामधन पटेल, नवरतन सिदार ने आरोपियों को पकड़कर उसी सुनालिया चौक में ले जाकर उन्हें उठक-बैठक कराया व वाहन को जब्त किया। ऐसे वाहनों पर धारा 119(3)मोव्ही एक्ट में भी कार्रवाई की जायेगी।



### जनता के सहयोग से धोखाधड़ी पर लगेगा अंकुश



**कोरबा।** जिले में नौकरी दिलाने फायनेंस कंपनियों तथा अन्य चीटफंड के प्रलोभनों को देकर धोखाधड़ी करने वालों के ऊपर पूरी तरह से अंकुश लगाये जाने के लिए पुलिस महकमें ने कमर कस ली है। इस संबंध में एसपी जितेंद्र शुक्ला ने अपने मातहत अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक द्वय कोरबा अभिषेक वर्मा एवं कटघोरा नेहा वर्मा के साथ ही कोरबा सीएसपी भूषण एक्का, दर्री सीएसपी राबिंसन गुड़िया, कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर के पर्यवेक्षण में समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को कार्रवाई करे हुए धोखाधड़ी करने वालों के विरूद्ध तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किये जाने का निर्देश जारी किया गया। इसी के परिणाम स्वरूप जिले के समस्त थाना एवं चौकी का स्टाफ धोखाधड़ी करने के वालों के विरूद्ध जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है।

# कोयलांचल मार्ग पर जाम का जख्म, जनता परेशान

## खोखले साबित हो रहे नियंत्रण के दावे

**कोरबा।** मुख्य मार्गों पर जाम लगने की समस्या से छुटकारा मिलता नजर नही आ रहा है। कुसमुंडा में फोरलेन सड़क नमूना बनकर रह गई है तो दीपका क्षेत्र में सड़क की दुर्दशा और वाहनों के दवाब से अजीब स्थिति बनी हुई है। दीपका बिलासपुर मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोग दुश्वारियों से जूझने को मजबूर है।



साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के गेवरा दीपका माइंस के द्वारा रोड़ सेल में दिए जा रहे कोयले की बड़ी मात्रा ने इस रास्ते पर भारी वाहनों का दवाब बढ़ा दिया है। रोजाना कई हजार वाहनों की आवाजाही कोयला लेकर हो रही है। हाल में ही कुसमुंडा ने 2 लाख टन कोयला का आक्सन किया है। गेवरा और दीपका का अनुपात इससे कहि ज्यादा है। आंकलन है कि फरवरी और मार्च तक सड़कों पर दवाब ज्यादा होगा और सड़कों पर जाम लगने के मामले भी बढ़ेंगे। वर्तमान में कुसमुंडा से लेकर दीपका और उसके आगे की रोड कनेक्टविटी जाम के कारण बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। लोग बताते है इस इलाके में मुख्य मार्ग पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लगने की समस्या कैंसर जैसी हो गई है। परेशानी तब बढ़ जाती है जब किसी मरीज को अस्पताल ले जाना होता है। अनेक मौकों पर जाम में एम्बुलेंस फस जाया करती हैं। ऐसे में पीड़ित को संजीवनी मिलने में देरी होती है और प्राणों पर संकट गहरा हो जाता है। कोयलांचल से जुड़ी हुई समस्या काफ़ी पुरानी है। नागरिक इससे त्रस्त है। उनकी पीड़ा हरने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से काम करने के बजाय सिर्फ आसमानी दावे ही किए जा रहे है। इनसे आखिर जनता का भला कैसे हो सकेगा।



### सड़क की दशा सुधारने की मांग उठी

**कोरबा।** एसईसीएल प्रबंधन के सामने अपनी मांग रखते हुए एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष गोपालनारायण सिंह ने कहा कि कालोनियों में सड़क की दशा सुधारी जाये। अधिकांश कालोनियों में सड़क की हालत काफी खस्ता है। कोयला कामगारों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। रजगामार के रामनाथ कश्यप ने भी इस मामले को जोर-शोर से उठाया। उन्होंने कहा कि रजगामार व ओमपुर कालोनी में तत्काल सड़क का निर्माण कराया जाये। सिंघाली ढेलवाडीह के रमेश परिहार, श्याम सुंदर सिंह, अशोक सिंह व अजीत सिंह ने मांग रखते हुए कहा कि इस क्षेत्र में लगे बिजली खराब हो चुके है। स्ट्रीट लाईट बदलने की जरूरत है। कोयला कामगार कई बार रात में परेशान हो जाते है। खदान तक पहुंचमार्ग में लगे हुए लाईट को भी ठीक किया जाये। बैठक में संदीप चौधरी, केशव सिन्हा, संदीप राय, नवीन सिंह, भागवत सिंह, प्रमोद बनर्जी ने भी अपने-अपने क्षेत्रों के मामले को जोर-शोर से उठाया।

# हैबी ब्लास्टिंग से गिर रहा ग्रामीणों का छप्पर

**कोरबा।** एसईसीएल की कोयला खदानों में हैवी ब्लास्टिंग से आसपास रहने वाले हर पल जान जोखिम में डालकर जी रहे रहे हैं। रविवार को दीपका खदान में हुई हैवी ब्लास्टिंग से मकान की छप्पर को तोड़कर भीतर गिर गया। मामला ग्राम बरपाली से जुडा हैं। जहां खदान से महज कुछ ही दूरी पर बुधवार साय अपने परिवार के साथ सीट और खपरेल के कच्चे पक्के मकान में निवासरत हैं। खदान में हुए जोरदार ब्लास्टिंग की वजह से मकान का छप्पर भरभरा कर गिर गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ महिला बाजू के कमरे में खाना बना रही थी, जैसे ही ये हादसा हुआ घर वालों के हाथ पैर फूल गए, इस हादसे में लोग बाल बाल बचें हैं।



ज्ञात रहे गेवरा बस्ती क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली के अलावा जटराज, पाली, पडनिया, सोनपुरी, रिश्दी, खोडरी इत्यादि ग्राम के बेहद नजदीक कुसमुंडा खदान पहुंच चुका हैं। जहां आये दिन बालस्टिंग की वजह से घरों के छप्पर गिर रहे हैं, दीवारों में दरारें पड़ रही हैं। बरपाली ग्राम में रहने वाले लोगों ने बताया की कुसमुंडा खदान में दिनभर में 6 से 7 बार हैवी ब्लास्टिंग होती हैं, कई बार तो ब्लास्टिंग के दौरान भारी भरकम पत्थर भी खदान से छिटक कर घरों में गिर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायत अथवा खदान में आंदोलन के बाद ही कुसमुंडा प्रबंधन के अधिकारी हरकत में आते है और क्षतिपूर्ति के रूप में चंद पैसे अथवा घरों की छप्पर में लगाने सीट की व्यवस्था कर चुप्पी साध लेते हैं। वर्तमान समय में कुसमुंडा खदान में तय मानकों को अनदेखा कर कोयले का खनन किया जा रहा है, जिससे खदान एक विशालकाय कुंवा नुमा खाई बनती जा रहा है। कई कई स्थानों पर मुहाने से एक पैर आगे बढ़ाने व्यक्ति अथवा मवेशी सीधे सैकड़ों फीट नीचे खदान में समा सकते हैं। कुसमुंडा प्रबंधन के अधिकारियों की गलत रीति और नीति की वजह से खदान प्रभावित भूविस्थापितों को सही समय विस्थापन, बसावट, मुवावजा और रोजगार नही मिल पा रहें है। अगर समय रहते प्रबंधन के अधिकारियों की कुंभकर्णीय नींद नही टूटी तो कोई भी बड़ीअनहोनी हो सकती हैं। कुसमुंडा खदान से लगे बरपाली है खदान से कुछ दूरी पर स्थित बुधवार सहाय अपने परिवार के साथ सीट और खपरैल के कच्चे मकान में निवारक है कुसमुंडा खदान से लगे हुए जोरदार ब्लास्टिंग की वजह से मकान का छप्पर बारबरा कर गिर गया जिस वक्त दिया हादसा हुआ महिला बाजू के रूप में खाना बना रही थी इस हादसे में लोग डरे हुए हैं मकान में दरार पड़ रही है कई लोगों के घर में बड़े-बड़े पत्थर गिर रहे हैं।

# जल संसाधन विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों की उपेक्षा, जूनियर को दिया गया प्रभार

**कोरबा।** जल संसाधन विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों की उपेक्षा हो रही जबकि जूनियर अधिकारियों को जिम्मेदार वाले पद पर बैठाकर उन्हें महत्व देते हुए सशक्त बनाया जा रहा है। हाल ही में इस तरह का मामला देखने को मिला जब जल संसाधन विभाग के चीफ इंजिनियर अजय सोमावार रिटायरमेट से पहले दो अफसरों की पोस्टीग कर दिया उन्होने बिलासपुर में जुनियर अधिकारी आईए सिद्धकी एसई का चार्ज दे दिया वही प्रोवेसना असिस्टैट इंजिनियर को एसडीओ का प्रभार सौंप गए मजेदार बात यह रही कि जिस दिन उन्होंने आदेश दिया उस दिन शासकीय छुट्टी थी। खबरों के मुताबिक अब उनके द्वारा जारी किए गए ये दोनों आदेश सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। रिटायरमेट से पहले उन्होने अधीक्षण अभियंता जागेश्वर भगत के स्थान पर ई-ई आईए सिद्धकी को प्रभार दे दिया । जबकि उनसे सिनियर अधिकारी सीएल धाकड़,आर.के. बंजारे सर्किल में उपलब्ध है। इनके अलावा सिद्धकी से सीनियर ई-ई एसके सराफ, एसएल द्विवेदी आर के मिश्रा सीनियर है। इसी तरह उन्होंने जल संसाधन संभाग कोटा के ई-ई आर.के. सिंह को हटा कर ए ई प्रवीण कुमार को एसडीओ जल निर्माण उप संभाग बिलासपुर की जिम्मेदारी दे दी है। चीफ इंजिनियर ने अपने दस्तक में 27 जनवरी की तारिख लिखी है। जबकि आदेश में 27 जनवरी 2023 लिखा है। बताया गया कि 27 जनवरी को सरकारी छुट्टी थी। ऐसे में सवाल उठ रहे है कि ऐसी क्या हड़बड़ी थी। छुट्टी के दिन और रिटायरमेट से पूर्व आदेश जारी करना पड़ा चीफ इंजीनियर द्वारा यह अब गड़बड़ी तक की जब सामान्य प्रशासन विभाग और मुख्य सचिव का स्पष्ट आदेश है कि सीनियर अधिकारियों को बाईपास कर रिक्त पदों पर चालू प्रभार नही देना है। इस पोस्टिंग आदेश को लेकर वे विवादों में घिर गए है, वहीं उपेक्षा से वरिष्ठ अधिकारियों में काफी नाराजगी बनी हुई है।

### विधायक पटेल जायंगे बोईदा

**कोरबा।** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ता बुथो में रात रहकर कार्यकर्ताओं व ग्रामीण जनों से मुलाकात करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जानकारी देंगे। हरदीबाजार मंडल की बैठक हरीश थरवानी के द्वारा ली गई और उन्होंने कार्यशाला में बुथ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हुए जिम्मेदारी दी। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ग्राम बोईदा में रहेंगे। हरीश थरवानी लिटियाखार , छतलाल यादव तिवरता, तुलेश्वर राठौर व नरेश टण्डन भी गांव में जाकर लोगों से मुलाकात करेंगे। 65 बुथों में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। यह कार्य लगभग सभी मण्डलों में आज से शुरू हो रहा है जो 11 फरवरी तक चलेगा।



### मनाया गया हल्दी-कुमकुम का पर्व

**कोरबा।** बालको भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना रुनिझा के नेतृत्व में हर्ष उल्लास के साथ पारंपरिक त्योहार हल्दी कुमकुम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की धर्मपत्नी राम कुमारी देवांगन तथा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष वैशाली रतनपारखी के अलावा रेणु प्रसाद, मीना भैसारे,हेमलता निर्मलकर, मीठी गोस्वामी,ज्योति परिहार, मंजू ठाकुर, रंजीत मौर्य मीणा मांझी ,राधा पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### कार्यकर्ता घरों में जाकर करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ

**कोरबा।** धर्म सेना कोरग्रुप की बैठक में निर्णय लिया गया कि व्यक्तियों के कहने पर उनके घरों में जाकर धर्म सेना के कार्यकर्ता हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। अब तक हनुमान चालीसा का पाठ मंदिरों में लगातार हो रहा है। इसी तरह रक्तदान शिविर भी लगातार लगाया जायेगा ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को परेशानी न हो। उन्हें ब्लड कैम्प में तत्काल रक्त मिल जायेगा। अब तक कई स्थानों पर रक्तदान शिविर धर्म सेना के कार्यकर्ताओं के द्वारा लगाया गया है। छत्तीसगढ़ महतारी व भारत माता पूजन का कार्यक्रम लगातार गांव-गांव में किये जा रहे है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र बहादूर सिंह, नरेश राजपूत, साकेत शर्मा, सदानंद सिंह व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अयोध्या से पधारे साधु-संत सप्तदेव मंदिर में हुआ सम्मान



**कोरबा।** अंचल के सीतामणी क्षेत्र में स्थित श्रीसप्तदेव मंदिर कोरबा में 3 फरवरी को प्रात: 11.00 बजे के लगभग अयोध्या से पधारे साधु-संतों का मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने फूल-माला, श्रीफल एवं शाल से भव्य स्वागत-सत्कार किया, जिससे गद्-गद्सा धुओं ने उन्हे आर्शीवाद दिया।

मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में हुए श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बारे में उनसे विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर ऐसा अदभुत दृश्य देखने को मिला उसका वर्णन शब्दों में संभव नही, गुजरात के बडोदरा से आयी 108 फीट लम्बी अगरबत्ती, 21 टन की अष्ट धातु से निर्मित विशाल धण्टा, प्रभु श्रीराम के अभिषेक हेतु नेपाल के सभी पवित्र नदियों का भेजा गया जल तथा ओर भी अन्य नाना प्रकार के उपहार जिन्हे देखकर आश्चर्य होता है। उन्होने भगवान की नगरी अयोध्या में घटी कुछ आश्चर्यजनक घटना का भी वर्णन भी किया जैसे जामवंत की उपस्थिति, 3 वानरों की उपस्थिति इत्यादि के बारे में भी बताया। कुछ समय पश्चात साधु-संत को विदा करते समय अशोक मोदी ने उन्हे कृष्णा हुण्डई के सौजन्य से निर्मित प्रभु श्रीरामलला के रामरथ के दर्शन कराये एवं उन्हे कंबल वितरित कर इस ठंड से राहत देने का कार्य किया।

### जिलाध्यक्ष संतोष महंत ने दौरा शुरू किया

**कोरबा।** महंत समाज के जिलाध्यक्ष संतोष महंत ने ब्लाको का दौरा शुरू कर दिया है। सभी ब्लाक क्षेत्र में कार्यकारिणी गठित की जाएगी इा आशय की जानकारी देते हुए राजेश मानिकपुरी ने बताया कि कोरबा जिले में महंत समाज को काफी मजबूत बनाना है। जिलाध्यक्ष संतोष महंत ने कटघोरा व बांकी मोंगरा में जाकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की है। सभी स्थानों पर कार्यकर्ताओं की मुलाकात कर सूची मांगी जा रही है।

### कांग्रेस कार्यकर्ता जाएंगे रायगढ़

**कोरबा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के रायगढ़ आगमन पर यहां के सैकड़ों कार्यकर्ता उनका स्वागत करने के लिए रायगढ़ जाएंगे। यह जानकारी देते हुए प्रदेश सचिव विकास शुक्ला ने बताया कि राहुल गांधी के द्वारा भारत न्याय यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के रायगढ़ पहुंचने पर कोरबा जिले के भी कार्यकर्ता रायगढ़ जाकर उनका स्वागत करेंगे। स्वागत की तैयारी में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश मानिकपुरी, दीपका कांग्रेस के विशाल शुक्ला, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष कटघोरा रहमान खान, कांग्रेस नेता श्यामनारायण सोनी, पार्षद अजय प्रसाद, टीकाराम मनहर, नवल किशोर पंडित, संजय आजाद, प्रदीप अग्रवाल, परमानंद सिंह द्वारा तैयारी की जा रही है।

### राजपूत समाज के संरक्षक पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर सिंह नहीं रहे



**कोरबा।** कोरबा जिला राजपूत क्षत्रिय समाज के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष ठाकुर उमाशंकर सिंह का उपचार के दौरान हरियाणा के गुड़गांव स्थित मेदांता हॉस्पिटल में निधन हो गया। उनका शव हवाई मार्ग से आज रायपुर सुबह 11 बजे माना विमान तल पर लाया जायेगा। वहां से उनके शव को परिजन लेकर बालको के हाउसिंग बोर्ड स्थित आवास पहुंचेंगे। यहां से उनके शव को परिचितों, मित्रों तथा जिला राजपूत क्षत्रिय समाज पूर्वांचल के लोगों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किये जाने के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए वाराणसी ले जाया जायेगा। समाज के सरंक्षक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. सिंह के निधन की खबर सुनते ही जिले के क्षत्रिय समाज के लोगों में दुख की लहर दौड़ गई। कोरबा स्थित राजपूत क्षत्रिय समाज के बुधवारी रामजानकी मंदिर प्रताप भवन स्थित मुख्यालय से समाज के संरक्षक आरके सिंह के मार्गदर्शन में वर्तमान जिलाध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह के नेतृत्व में उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव मुकेश सिंह, सह सचिव छन्नू सिंह, कोषाध्यक्ष बच्चू सिंह, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह लाला, वरिष्ठ सदस्य पूर्व अध्यक्ष श्रेष्ठ सिंह, मन्टू सिंह, स्मित सिंह, संजय सिंह, संदीप सिंह, डॉ. संदीप सिंह, विजय सिंह, कमलेश सिंह एकत्रित होकर उनके निवास पहुंचे और शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित किये।

# 22वीं छग स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप का महामुकाबला 7 से

**कोरबा।** जिले की कमान संभाल रहे आईएएस-आईपीएस अधिकारियों की अगुआई में 7 फरवरी को योनेक्स सनराइज 22वीं छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023-24 के महामुकाबलों का आगाज होगा। 11 फरवरी तक चलने वाले इस स्टेट चैंपियनशिप का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत (आईएएस) बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। नगर निगम निहारिका के सुभाषनगर ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित भव्य एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में प्रात: 10 बजे आयोजित होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा (आईएएस) व नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई (आईएएस) इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।



बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की गाइडलाइन का अनुसरण करते हुए यह प्रतियोगिता कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान आयोजित की जा रही है। एसोसिएशन की टीम जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हुई है। बैडमिंटन के अंतर्राष्ट्रीय पैमानों पर खरा उतरते नगर निगम आवासीय परिसर स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के सर्वसुविधायुक्त डबल कोर्ट में मास्टर्स ग्रुप के अतिवरिष्ठ खिलाड़ियों के बीच पांच दिनों तक धुआंधार मुकाबलों का सिलसिला देखने को मिलेगा। उत्साह और रोमांच के साथ अपनी क्षमता आंकलन और प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा के आगाज का इंतजार खेल प्रेमी बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं। कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अशोक शर्मा और सचिव गोपाल शर्मा सहित एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में खेल प्रेमियों को उपस्थिति दर्ज कराते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने अपील की है।

### दहशत में लोग

**कोरबा।** स्लम बस्तियों में एवं आवासिय परिसरों में लगातार हो रही चोरियों से दहशत में लोग रात्रि में चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। ऐसे में पुलिस के रात्रि गश्त को और ज्यादा सख्त ढंग से चलाने की आवश्यकता है।

आवश्यकता है
पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक एवं युवती की आवश्यकता है।
-पद -
डीएसएम, अकाउंटेंट, मुंशी
इच्छुक शीघ्र संपर्क करें।
धनराज पेट्रोल पंप उरगा
9300671826







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com